54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 26.1°c अधिकतम 33.6 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:00, सूर्यास्त - 6:32 | वर्ष : 54/ अंक : 249 | बुधवार, 09 सितम्बर 2026 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**॥ अमृतवाणी ॥**

जो लोग इस बात से अनजान हैं कि वे अंधकार में चल रहे हैं, वे कभी भी प्रकाश की तलाश नहीं करेंगे।

अगले साल मई में शुरू होगा बुलेट ट्रेन का परीक्षण : अश्विनी वैष्णव

इसकी क्या जरूरत थी?.....

# सर्जन के बजाय टेक्निशियन ने कर दिया ऑपरेशन

**▶▶ मरियम हॉस्पिटल में मरीज की हालत बिगड़ने पर हंगामा ▶▶ मरीज को पित्त की थैली में पथरी का ऑपरेशन हुआ था ▶▶ जांच के लिए पहुंची टीम को नहीं मिला कोई डॉक्टर ▶▶ अस्पताल को तीन दिन में जवाब देने का नोटिस जारी**

**मुजफ्फरनगर, 8 सितंबर (बु.)।** जिला तो छोड़िए शहर में फर्जी चिकित्सा संस्थान जान लेवा बने हुए हैं। न्यू निजामुद्दीन चैरिटेबिल ट्रस्ट द्वारा संचालित मरियम हास्पिटल में डॉक्टर के बजाय टेक्नीशियन द्वारा ऑपरेशन को लेकर मिली शिकायत के बाद आज डिप्टी सीएमओ विपिन कुमार ने नर्सिंग होम का निरीक्षण किया तो वहां कोई सर्जन ही मौजूद नहीं मिला। अस्पताल को नोटिस दिया गया है। मामले को लेकर आज कई संगठनों ने हंगामा किया और मरियम हॉस्पिटल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। चिकित्सा विभाग की छत्र छाया में जिले में फर्जी नर्सिंग होम चल रहे हैं। हाल में कई ऐसे नर्सिंग होम सील किए जा चुके हैं, जिनके रजिस्ट्रेशन ही नहीं थे। झोला छाप चिकित्सकों की भी भरमार है। ऐसे में सरवट रोड मदीना चौक के पास न्यू निजामुद्दीन चैरिटेबिल ट्रस्ट द्वारा संचालित मरियम हॉस्पिटल को लेकर आज माहौल गर्माया रहा। हॉस्पिटल में एक मरीज का पित्त की थैली की पथरी का ऑपरेशन किया गया था। परिजनों ने आरोप लगाय कि ऑपरेशन सर्जन के बजाय टेक्नीशियन ने किया। इसके बाद मरीज की हालत बिगड़ गई तो उसे दूसरे अस्पताल ले जाना पड़ा। इस बीच मामले की सूचना मिलते ही कई संगठनों के लोग भी वहां पहुंच गए। अस्पताल में कोई डॉक्टर नहीं मिला और सीसी टीवी कैमरों की फुटेज भी नहीं दी गई। इसके बाद उन्होंने अस्पताल पर हंगामा किया। इस बीच मरीज की मौत की अफवाह भी उड़ी। मामले की जानकारी सीएमओ तक पहुंची और उक्त हॉस्पिटल पर कार्रवाई की मांग की गई। शिकायत में कहा गया कि उक्त हास्पिटल में तमाम अनियमितताएं हैं। इसके बाद सीएमओ ने डिप्टी सीएमओ विपिन कुमार के साथ टीम को हॉस्पिटल पर जांच के लिए भेजा तो उक्त टीम को वहां कोई सर्जन नहीं मिला। वहां डॉ.अब्दुल बारी और डॉ.राकेश नाथ अवाटे सर्जन के रूप में कार्यरत बताए गए। मौके पर दोनों में से कोई मौजूद नहीं था। बताया गया कि आज वे आए नहीं हैं, शाम तक आ जाएंगे। शाम तक भी कोई सर्जन वहां नहीं पहुंचा। इसके बाद डिप्टी सीएमओ मामले की जांच जारी रखने की बात कहते हुए अस्पताल से तीन दिन के भीतर उक्त मामले पर स्पष्टीकरण देने को कहा। टीम ने हॉस्पिटल में कार्यरत चिकित्सकों के दस्तावेज मांग तो वह भी उपलब्ध नहीं कराए गए। इस पर अधिकारियों ने नाराजगी जताते हुए तीन में समस्त ब्यौरा उपलब्ध कराने को कहा है। ऐसा नहीं करने पर मरियम हॉस्पिटल पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

हंगामें की सूचना पर अस्पताल में पहुंची पुलिस

## तमाम दावों के बावजूद नहीं रुक रही बिजली चोरी

**▶▶ बिजली चोरी को लेकर शहर के छह बिजली घरों के इलाके चिह्नित**

**मुजफ्फरनगर, 8 सितंबर (बु.)।** बिजली अधिकारियों के तमाम दावों के बावजूद बिजली चोरी पर काबू नहीं है। शहर में तमाम ऐसे इलाके हैं, जहां बिजली चोरी के कारण लाइन लॉस की स्थिति बेहद खराब बनी हुई है। शहर के टाउन हाल बिजली घर से जुड़े इलाकों की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है और यहां लाइन लॉस 28 प्रतिशत बना हुआ है। इसके साथ ही बिजली चोरी के मामले में लाइन लॉस वाले छह बिजली घर चुने गए हैं, जहां स्थिति खराब है। अधिकारियों का कहना है कि इन बिजली घरों पर लाइन लॉस 25 प्रतिशत से अधिक है। इसे 13 प्रतिशत के मानक स्तर पर लाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में विभाग प्रभावित इलाकों में बिजली चोरी रोकने को अभियान की तैयारी कर रहा है। बिजली चोरी को लेकर शहर की स्थिति काफी खराब बनी हुई है। कुछ क्षेत्रों में लाइन लॉस और बिजली चोरी की स्थिति काफी अधिक बनी हुई है, जिसे कम करने के लिए पावर कारपोरेशन द्वारा लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके बावजूद स्थिति काबू से बाहर है। शहर की बात करें तो यहां टाउन हाल इलाके में लाइन लॉस 28 प्रतिशत तक है। एक्सईएन कामर्शियल के अनुसार सिविल लाइन इलाके में हालात थोड़ा बेहतर हैं और यहां लाइन लॉस 19 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि शहरी इलाके के छह ऐसे बिजली घर क्षेत्र हैं जहां लाइन लॉस 25 प्रतिशत से अधिक होने के कारण इन्हें कार्रवाई के लिए चुना गया है। मुजफ्फरनगर के मिमलाना, शामली रोड, गढ़ी पचेंडा रोड, सूजडू, रुड़की रोड और रामपुर तिराहा बिजलीघर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में लाइन लॉस बढ़कर 25 प्रतिशत तक दर्ज किया गया है। यह हालात तो तब हैं, जबकि बिजली विभाग लगातार बिजली चोरी रोकने को अभियान चला रहा है। लाइन लॉस को नियंत्रित करने और कम करने के लिए विद्युत विभाग व पावर कारपोरेशन सख्त कदम उठा रहा है। हाल ही में विभिन्न मोहल्लों में चलाए गए चेकिंग अभियानों के दौरान अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वाले कई घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई और मामलों में रिपोर्ट दर्ज की गई। उच्चाधिकारियों और ऊर्जा निगम द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जिन फीडर या क्षेत्रों में लाइन लॉस अधिक मिलेगा, वहां के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। मुख्य अभियंता पवन कुमार ने बताया कि राजस्व वसूली में सुधार और चोरी रोकने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

### गांधी कॉलोनी, पचेंडा रोड और द्वारिकापुरी इलाकों में पांच घंटे बिजली रही गायब

**मुजफ्फरनगर, 8 सितंबर (बु.)।** शहर के कई इलाकों में आज करीब पांच घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहने से लोग परेशान रहे। गांधी कॉलोनी, पचेंडा रोड और द्वारिका पुरी इलाके में बिजली आपूर्ति ठप्प रहने से तमाम काम धंधे भी बुरी तरह प्रभावित हुए। गांधी कॉलोनी इलाके में एक बिजली के पोल के क्षतिग्रस्त होने के कारण इसे बदलने के लिए शट डाउन लिया गया। इस कार्य में चार घंटे से अधिक समय लगा। इसके चलते गांधी कॉलोनी, आदर्श कॉलोनी, पचेंडा रोड, बचन सिंह कॉलोनी आदि के इलाके प्रभावित हुए। इसके साथ ही भोपा रोड बिजली घर की मशीन खराब हो जाने के कारण इससे जुडे द्वारिकापुरी आदि इलाकों में भी चार घंटे से अधिक समय तक आपूर्ति प्रभावित हुई।

### शहर में बनेगा 33 केवी का एक और नया बिजलीघर

**मुजफ्फरनगर, 8 सितंबर (बु.)।** महावीर चौक बिजली घर पर भार बढ़ने के कारण 33 केवी के एक नए बिजली घर का निर्माण प्रस्तावित है, लेकिन इसके लिए जगह नहीं मिल रही है। मुख्य अभियंता पवन कुमार ने बताया कि आगामी त्यौहारों को देखते हुए शहरी इलाके में व्यवस्था को सुधारने के लिए योजना बनाई जा रही है। इसके तहत महावीर चौक बिजली घर पर बढ़े भार को कम करने के लिए एक नया 33 केवी का बिजली घर बनाने की योजना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि मेरठ रोड पर गन्ना शोध संस्थान के आसपास स्थान की तलाश की जा रही है।

### चार थाना प्रभारियों समेत 20 दरोगाओं के तबादले

**मुजफ्फरनगर, 8 सितंबर (बु.)।** एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने सोमवार देर रात जनपद में पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल करते हुए चार थाना प्रभारियों समेत एक निरीक्षक और 19 दरोगाओं के तबादले किए हैं। तबादला सूची जारी होने के बाद पुलिस विभाग में हलचल तेज हो गई। एसएसपी ने खालापार थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा को फुगाना थाना प्रभारी बनाया है। वहीं सिखेड़ा थाना प्रभारी विजय कुमार को खालापार थाने की कमान सौंपी गई है। फुगाना थाना प्रभारी दीपक चौधरी का तबादला करते हुए उन्हें ककरौली थाना प्रभारी बनाया गया है। ककरौली थाना प्रभारी जोगेंद्र सिंह को सिखेड़ा थाना प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा निरीक्षक लोकेन्द्र पाल सिंह, जो अतिरिक्त निरीक्षक अपराध थाना सिखेड़ा के पद पर तैनात थे, को अतिरिक्त निरीक्षक अपराध बुढ़ाना थाना बनाया गया है। एसएसपी ने इसके साथ ही 19 दरोगाओं के भी स्थानांतरण किए हैं। अधिकारियों को तत्काल नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### मोदी के जेन-जी संवाद में धुरंधर के गाने पर एंट्री

**वडोदरा, 8 सितंबर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वडोदरा में जेन-जी से 25 मिनट संवाद किया। मंच पर पहुंचते ही क्वीन का मशहूर गाना वी विल रॉक यू बजाया गया। इसके बाद धुरंधर का गाना आरी आरी भी बजा। पीएम ने कहा, 'लोग आपको झूठ की गूंज से गुमराह करने की कोशिश करेंगे, लेकिन आप सच्चाई के साथ खड़े रहना। मोदी का यह बयान राहुल गांधी और कांग्रेस के 'छात्रों की गूंज' अभियान पर तंज माना जा रहा है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए खास तौर पर आकार का रैंप बनाया गया था। भाषण से पहले पीएम रैंप पर चलकर युवाओं के बीच पहुंचे। इस कार्यक्रम के लिए 6 हजार युवाओं को बुलाया गया था। मोदी ने युवाओं से झूठे दावों और भ्रामक बातों से बचने की अपील की।

## चीनी के बाद सब्जियां बुला रही चीं

**▶▶ बारिश के बाद सब्जियों के दाम दो गुने तक पहुंचे**
**▶▶ सिर्फ आलू रेट के मामले में मोर्चा संभाले हुए है**

**मुजफ्फरनगर, 8 सितंबर (बु.)।** मौसम की मार सब्जियों पर प्रहार कर रही है। बारिश के चलते सब्जियों की फसल प्रभावित हुई है। इसका असर सीधे खुदरा बाजार पर पड़ने के कारण आम उपभोक्ता की जेब पर इसका प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में चीनी के बाद अब सब्जियां रसोई की चीं बुलाकर आम आदमी की जेब ढीली कर रही हैं। एक बड़ी बात यह है कि मंडी से बाजार तक आते आते सब्जियों के दाम काफी बढ़ जाते हैं। ऐसे में उत्पादक को इसका कोई लाभ नहीं मिल रहा है। महंगाई के मोर्चे पर सरकार बुरी तरह फेल हो रही है। तमाम उपायों के बावजूद चीनी के दामों से लोग कराह रहे हैं। दालों और चावलों के दाम काफी बढ़े हुए हैं। इससे रसोई बुरी तरह से प्रभावित हुई है और खासतौर से आम जरूरत की हर चीज पर महंगाई के असर से मध्यम वर्ग का बजट लड़खड़ा रहा है। अब सब्जियां भी आंखें तरेरने लगी हैं। हाल में लगातार बारिश के बाद सब्जियों के दाम दोगुने पर जा चुके हैं। सब्जियों में सिर्फ आलू ऐसा है, जो महंगा तो हुआ है, लेकिन आम आदमी की पहुंच में है। आलू बाजार में पचास से सत्तर रुपए धड़ी यानि दस से बारह रुपए प्रति किलो पर है। बाकी हरी तथा दूसरी सब्जियों की बात करें तो सब महंगाई के मोर्चे पर एक दूसरे को पछाड़ने में लगी हैं। ऐसे में आम आदमी की थाली कसमसा रही है। बारिश के कारण खेतों में जलभराव होने से सब्जियों की फसल खराब हुई है और मंडियों में आवक घटी है। इसके चलते दाम आसमान छूने लगे हैं। थोक मंडी में कीमतें करीब डेढ़ गुना पहुंच गई हैं। इसने आम आदमी के बजट को बिगाड़ दिया है। बैंगन, शिमला मिर्च, गोभी और अन्य हरी सब्जियों की कीमतों में भी उछाल आया है। मंडी में किसान से खरीदी गई सब्जियां शहर के फुटकर बाजार तक पहुंचते-पहुंचते कई गुना महंगी हो रही हैं। थोक और फुटकर कीमतों के बीच बड़ा अंतर होने का असर उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ रहा है। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि बारिश के कारण खेतों में पानी भरने से सब्जियों की फसल खराब हुई है और तुड़ाई और मंडी तक पहुंच प्रभावित हुई है। आवक कम होने से हरी सब्जियों के भाव बढ़ रहे हैं।

### सब्जियों के प्रति किलो दाम

| सब्जी | मूल्य |
|---|---|
| आलू | 10-12 |
| प्याज | 50 |
| बैंगन | 40 |
| करेला | 40 |
| शिमला | 60 |
| फूलगोभी | 80 |
| हरी मिर्च | 100 |
| तोरई | 40 |
| लौकी | 30-40 |
| भिंडी | 40-50 |
| अरवी | 40-50 |
| टमाटर | 40-50 |
| मूली | 60 |
| मीठा कद्दू | 40 |
| कचालू | 60 |
| लहसुन | 200 |
| कटहल | 60-80 |

### प्याज ने एक महीने से निकाले आंसू

**मुजफ्फरनगर।** प्याज पचास रुपए पर पहुंच चुकी है और इसकी बढ़ती कीमत से पहले से महंगाई झेल रहे परिवारों का बजट और प्रभावित हो रहा है। सब्जियों की महंगाई के बीच हरी मिर्च के भाव भी बढ़े हुए हैं। बाजार में इसकी कीमत सौ रुपए प्रति किलो पर हैं। टमाटर, अरवी, भिंडी, करेला औरतमाम दूसरी सब्जियों के दाम आसमान की ओर जा रहे हैं। सब्जी के अनुसार, अगस्त के मुकाबले सितंबर में सब्जियों के दाम तेजी से बढ़े हैं। कई जगह बारिश के कारण फसलें खराब हो रही हैं, जिससे कीमतों पर असर पड़ा है। मौसम की इस मार और महंगाई के दोहरे संकट से आम नागरिकों के लिए घर चलाना बेहद कठिन हो गया है। आने वाले दिनों में भी सब्जियों के दाम कम होने की उम्मीद नहीं है। आम ग्राहक की नाराजगी इस बात को लेकर है कि कुछ सब्जियों के दाम मंडी से गली मुहल्लों में फेरी वालों या सब्जी की दुकानों पर पहुंचते ही दो गुने तक हो जाते हैं।

### उफ....! ये महंगाई...

॥ रस्म तेरहवीं ॥

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्या माताजी

**श्रीमती शारदा बंसल**

धर्मपत्नी स्व. श्री राम अवतार बंसल

का स्वर्गवास दिनांक 29 अगस्त 2026, दिन शनिवार को हो गया है।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

॥ रस्म तेरहवीं ॥

दिनांक : 09 सितम्बर 2026, दिन बुधवार को होनी निश्चित हुई है।

ब्रह्मभोज : 12:00 बजे दोपहर | रस्म तेरहवीं : 02:00 बजे दोपहर

-: स्थान :-

साशी फार्म, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर

-: शोकाकुल परिवार :-

पुत्र-पुत्रवधू: विनीत बंसल - मोनिका बंसल, विवेक बंसल - ममता बंसल, विकांशु बंसल - आँचल बंसल

पौत्र: संयम बंसल, साहिल बंसल, अविरल बंसल, धैर्य बंसल

पौत्री: पलक बंसल, भूमि बंसल, आन्दी बंसल

पुत्री एवं दामाद: वर्षा मित्तल - अनिल मित्तल

-: निवास स्थान :-

60/23, लक्ष्मण विहार, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर

M:.7599319237 | 9997020131 | 9997074444

# बहन को किया बदनाम तो किया दोस्त का कत्ल

### 1 बहन को गांव में बदनाम करता था अतुल इसलिए हुई उसकी हत्या

**मुजफ्फरनगर, 8 सितंबर (बु.)।** खतौली थाना क्षेत्र के भैंसी गांव निवासी 22 वर्ष युवक का शव गांव के ही गन्ने के खेत में पुलिस ने बरामद कर लिया है। मृतक युवक 29 अगस्त दोपहर से लापता चल रहा था, जिसकी तलाश को लेकर पुलिस ने टीम लगाई थी। पुलिस ने मंगलवार को शव मिलने के कुछ घंटों में हत्या का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने चाकू व बाइक बरामद की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान कर दिया है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि गांव भैंसी निवासी 22 वर्षीय अतुल पुत्र संतरपाल गांव में ही स्थित कारपेंटर की दुकान पर काम करता था। 29 अगस्त की दोपहर को अतुल अचानक लापता हो गया, देर रात तक तलाश के बाद पता नहीं चला तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सूचना के आधार पर युवक की तलाश के लिए टीम लगा दी। मंगलवार की सुबह भैंसी गांव के जंगल में नेशनल हाईवे स्थित गन्ने के एक खेत में मजदूर काम करने के लिए जा रहे थे तभी उनकी नजर गांव निवासी किसान विजेंद्र के खेत में पड़े शव पर पड़ी तो उन्होंने ग्रामीणों को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीण पहुंच गए। मृतक की पहचान अतुल के रूप में हुई। पुलिस ने तत्काल शव का पंचनामा भरा और अपने कब्जे शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की तो हत्या की सभी परतें खुलती चली गई। पुलिस इसी के साथ काम करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

हत्या के खुलासे की जानकारी देते हुए एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि खतौली पुलिस ने अतुल हत्याकांड में सोनू पुत्र अजय पाल और तालिब पुत्र दिलशाद निवासी भैंसी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी सोनू ने बताया कि उसकी अतुल से दोस्ती थी, इसके चलते वह घर में आने जाने लगा और बहन पर गलत नीयत रखने लगा। अतुल उसके बडे भाई बबलू व छोटी बहन के बारे में गांव में गलत बातें कहकर बदनामी करता था। तीन महीने पूर्व इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी, उसके बाद भी वह गांव में उनकी बदनामी करता रहा।

### 2 पहले पिलाई शराब फिर जंगल में ले जाकर चाकू से किए कई वार

इसी रंजिश के चलते उसने गांव निवासी तालिब को साथ लेकर अतुल की हत्या का प्लान बनाया और 29 अगस्त को तालिब ने अतुल को अपने पास भैंसी कारखाने पर बुला लिया, जहां पर कुछ देर बाद सोनू भी पहुंच गया। शराब पीने के बाद अतुल को अमरूद खिलाने के बहाने वह जंगल में ले गए। बताया कि पहले अतुल का गला दबाकर हत्या की गई उसके बाद चाकू से कई वार किए गए। घटना अंजाम देने के बाद दोनों घर पहुंच गए। मौके से अतुल का मोबाइल उठाया और उसको तोड़कर गांव स्थित नाले में फेंक दिया। हत्या करने वाले आरोपियों के पास से पुलिस ने बाइक और चाकू बरामद किया है।

### हत्या के बाद उसकी तलाशी का आरोपी करते रहे ड्रामा

**मुजफ्फरनगर।** जिस दिन अतुल लापता हुआ उसी दिन से दोनों आरोपियों ने परिजनों के साथ उसके ढूंढने का ड्रामा शुरू कर दिया। परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की और तलाश शुरू कर दी। मंगलवार को जब पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा किया और दो आरोपियों को पकड़ा तो ग्रामीणों ने बताया कि जिस दिन से अतुल लापता हुआ था, उसी दिन से दोनों आरोपी परिजनों के साथ उसकी तलाश कर रहे थे। तलाश करने के दौरान किसी को शक नहीं हुआ। बताया कि दो दिन पूर्व जानकारी मिली कि अतुल को इन दोनों के साथ देखा गया है। पुलिस ने जानकारी के बाद दोनों आरोपियों को पकड़ लिया और सख्ती से पूछताछ की। पूछताछ में दोनों ने अतुल की हत्या का जुर्म कबूल कर लिया।

### 3 बहन पर थी गलत नजर, दोस्त ही निकले अतुल के हत्यारे

### बहन के बारे में करता था गलत बात, समझने पर भी नहीं रुका, इसलिए मारा

**मुजफ्फरनगर।** हत्याकांड का खुलासा होने के बाद कोतवाली पहुंचे परिजनों ने जमकर हंगामा करने का प्रयास किया, लेकिन आरोपियों के पकड़े जाने के बाद वो शांत हो गए। हत्याकांड के मुख्य आरोपी सोनू ने बताया कि वह बहन के साथ-साथ, उसके छोटे भाई जो कि मानसिक रूप से बीमार है, उसके साथ भी छेड़छाड़ करता था। भाई ने भी इसकी शिकायत सोनू से कई बार की थी। बहन और भाई के साथ हुई घटना को लेकर कई बार मृतक के परिजनों को भी बताया, लेकिन वह सुनने को तैयार नहीं थे। काफी परेशान होने के बाद उसने अपने साथी के साथ मिलकर हत्या का प्लान बनाया था।

### हत्यारे दोस्त को देखकर परिजन रह गए भौंचक्के

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस ने अतुल हत्याकांड का खुलासा तो कर दिया है, लेकिन उसके बाद परिजन भी हैरान है। परिजनों ने जब पुलिस को अतुल के लापता होने की जानकारी दी थी, तो उसकी मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाली जा रही थी। हर बिंदु पर जांच पड़ताल की जा रही थी। पुलिस की जांच पड़ताल में अतुल के कॉल डिटेल में कई लड़कियों से बातचीत होना सामने आया, जिनको लेकर पुलिस ने कोतवाली बुलाकर उन लड़कियों से पूछताछ भी की थी।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा, ब्रेन हेमरेज से हुई थी महिला की मौत

**मुजफ्फरनगर, 08 सितम्बर (बु.)।** नई मंडी थाना क्षेत्र की भरतिया कॉलोनी में महिला ऊषा की मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद मौत की वजह स्पष्ट हो गई है। महिला की मौत ब्रेन हेमरेज के कारण हुई थी। बताया गया है कि महिला की मौत के बाद उसके मुंह से काफी मात्रा में खून निकलने के कारण मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। प्रभारी निरीक्षक अनंतदेव मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की मौत का कारण ब्रेन हेमरेज सामने आया है। रिपोर्ट के आधार पर अब मौत को लेकर स्थिति स्पष्ट हो गई है।

# राकेश टिकैत बोले-सहारनपुर में कुआं मिला, अब पूजा भी शुरू हो जाएगी

## कहा: भाजपा के लिए हिंदू-मुस्लिम, मंदिर-मस्जिद ही चारा है

**मुजफ्फरनगर, 8 सितंबर (बु.)।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने सहारनपुर मस्जिद विवाद को लेकर भाजपा पर करारा राजनीतिक तंज कसते हुए कहा है कि उसके लिए हिंदू मुस्लिम और मंदिर मस्जिद ही चारा है। अब चुनाव आने वाले हैं तो यह काम शुरू हो गया है। पत्रकारों से बात करते हुए हाल में सहारनपुर में कलक्ट्रेट में ध्वस्त की गई मस्जिद के नीचे कुआं मिलने को लेकर चुटकी लेते हुए राकेश टिकैत ने कहा कि एक दिन वहां पूजा-पाठ भी शुरू हो जाएगा। टिकैत ने चुनावी तैयारियों की तुलना पहलवानों की तैयारी से करते हुए कहा कि चुनाव की तैयारी भी शुरू हो चुकी है। राकेश टिकैत ने कहा कि वहां एक कुआं मिला है, तो एक दिन उसमें पूजा-पाठ भी शुरू हो जाएगा। कुआं वहां था; पूजा के लिए कुएं की जरूरत होती है। उसमें से कुछ न कुछ निकल ही आएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की चर्चाएं चुनाव तक चलती रहेंगी। टिकैत ने कहा कि राजनीतिक दलों ने चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि जिस तरह पहलवान अपने मुकाबले से करीब छह महीने पहले अभ्यास शुरू कर देते हैं, उसी तरह अब चुनाव की तैयारी भी शुरू हो गई है।

# पूर्व मंत्री हाजी याकूब का बेटा गिरफ्तार



**मेरठ, 8 सितंबर (एजेंसी)।** मेरठ कोतवाली थाना क्षेत्र के सराय बहलीम में सोमवार देर रात पूर्व मंत्री हाजी याकूब के बेटे फिरोज उर्फ भूरा पर साथियों के साथ हथियार लेकर एक घर में घुसकर परिवार को गोली मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। घटना के समय घर के मुखिया असलम पहलवान मौजूद नहीं थे। उनके पिता हाजी सिराज की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शाम को फिरोज उर्फ भूरा को गिरफ्तार कर लिया है। हाजी सिराज ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि सोमवार देर रात फिरोज उर्फ भूरा अपने कुछ साथियों के साथ उनके घर में घुस आया। आरोप है कि उनके हाथों में पिस्टल थीं। घर में घुसते ही आरोपियों ने परिवार के लोगों को धमकाना शुरू कर दिया।

# महावीर चौक पर शराबी का बीच सड़क तांडव, वीडियो वायरल

## - ईंट-पत्थर फेंके, गाड़ियां रॉन्ग साइड से निकलने को किया मजबूर, सड़क पर मचाया उत्पात

**मुजफ्फरनगर, 08 सितम्बर (बु.)।** नगर के व्यस्त महावीर चौक पर एक व्यक्ति के बीच सड़क पर उत्पात मचाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में व्यक्ति सड़क पर ईंट और पत्थर फेंकता दिखाई दे रहा है, जिसके कारण वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को रास्ता बदलकर और रॉन्ग साइड से बचते हुए निकलना पड़ा। वायरल वीडियो थाना सिविल लाइन क्षेत्र के महावीर चौक का बताया जा रहा है। वीडियो में सड़क पर जगह-जगह ईंटों के टुकड़े बिखरे दिखाई दे रहे हैं। व्यक्ति काफी देर तक सड़क के बीचोंबीच हंगामा करता रहा, जिससे यातायात प्रभावित होने की स्थिति बनी रही। वीडियो में कुछ लोग उसे समझाने और शांत कराने की कोशिश करते भी दिखाई देते हैं, लेकिन वह सड़क पर उत्पात करता रहा। इस दौरान वाहन चालक सतर्कता के साथ वहां से निकलते नजर आए। बताया जा रहा है कि वीडियो किसी व्यक्ति ने पास की एक छत से बनाया है और बाद में इसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। हालांकि, वीडियो कब का है और सड़क पर हंगामा करने वाला व्यक्ति कौन है, इसकी स्वतंत्र पुष्टि फिलहाल नहीं हो सकी है। व्यक्ति के नशे में होने की बात भी वायरल वीडियो के आधार पर कही जा रही है। महावीर चौक शहर के प्रमुख और व्यस्त चौराहों में शामिल है। ऐसे स्थान पर सड़क के बीच ईंट-पत्थर फेंके जाने से कभी भी किसी वाहन चालक के साथ हादसा हो सकता था। फिलहाल वायरल वीडियो को लेकर संबंधित व्यक्ति की पहचान और घटना के समय की जानकारी स्पष्ट नहीं हो सकी है।

# छोटा हाथी चालक पर लापरवाही से टक्कर मारने का आरोप

## - विरोध पर घर जाकर दी धमकी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**भोपा, 08 सितम्बर (बु.)।** थाना भोपा क्षेत्र के गांव रूड़कली तालाब अली निवासी युवक ने छोटा हाथी चालक पर बाइक में टक्कर मारने और विरोध पर घर पर चढ़कर धमकाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव रूड़कली तालाब अली निवासी मौ. ओसामा ने थाने में दी तहरीर में बताया कि मंगलवार सुबह वह अपनी तीन माह की बेटी और चाची अफरोज के साथ मोटरसाइकिल से गांव किशनपुर से अपने गांव रूड़कली तालाब अली आ रहा था। जैसे ही वह रूड़कली बाजार में पहुंचा तो सामने से ग्राम तेवड़ा, थाना ककरौली निवासी एक व्यक्ति अपने छोटा हाथी वाहन को काफी तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए लाया और उसकी बाइक में जोरदार साइड मार दी। पीड़ित का आरोप है कि जब उसने विरोध किया और वाहन धीरे चलाने को कहा तो आरोपी और उसका पुत्र गाली-गलौच पर उतर आए और उसके साथ मारपीट करने लगे। किसी तरह वह अपनी जान बचाकर अपने घर पहुंचा। पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद भी आरोपी नहीं माने। वह पीछा करते हुए उसके घर तक आ गए और घर के सामने खड़े होकर फिर से गाली-गलौच और ललकारने लगे कि घर से बाहर निकल, तुझे देख लेंगे। पीड़ित के शोर मचाने पर आस-पास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया और उसकी जान बचाई। पीड़ित के अनुसार यह पूरी घटना बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### जनसेवा केंद्र संचालक पर आधार कार्ड और जाति प्रमाण-पत्र पर पिता का नाम गलत करने का आरोप

**मीरापुर, 08 सितम्बर (बु.)।** गांव कैथोड़ा निवासी रोहताश पुत्र शम्भू सिंह ने मीरापुर थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि उसने भूम्मा रोड स्थित वयम जनसेवा केंद्र पर 23 जुलाई को संचालक रिजवान से जाति प्रमाण-पत्र व आधारकार्ड बनवाया था। आरोप है कि जनसेवा केन्द्र संचालक रिजवान ने दोनों प्रमाण-पत्रों में उसके पिता के नाम पर शम्भू के स्थान पर सूरज कर दिया है और जब वह ठीक कराने पहुँचा, तो आरोप है कि संचालक ने उसे धक्का देकर गाली-गलौच कर भगा दिया। पीड़ित का आरोप है कि जनसेवा केंद्र संचालक रिजवान ने उससे आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र व मूलनिवास प्रमाण-पत्र बनाने के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक 1500 रुपये भी लिए है। पुलिस मामलें की जांच कर रही है।

# खेलों में विद्यार्थियों ने बढ़ाया विद्यालय का गौरव, उप जिला क्रीड़ा अधिकारी ने किया उत्साहवर्धन

**मुजफ्फरनगर, 08 सितम्बर (बुस.)।** सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, केशवपुरी के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विभागीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में नव्या ने अंडर-14 बालिका शॉट पुट में स्वर्ण पदक, कक्षा 11 के हर्ष ने अंडर-17 लॉन्ग जंप एवं हाई जंप में रजत पदक, कक्षा 10 के आदित्य ने जैवलिन थ्रो में रजत पदक तथा कक्षा 7 की जिया ने अंडर-17 बालिका 400 मीटर दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं 38वीं क्षेत्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में अंडर-19 वर्ग में शौर्य ने स्वर्ण पदक तथा अंडर-17 वर्ग में पृथ्वी एवं आदित्य ने रजत पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसी क्रम में विद्यालय में स्टेडियम चलो अभियान के अंतर्गत विशेष खेल मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद की उप जिला क्रीड़ा अधिकारी पूनम बिश्नोई ने विद्यार्थियों को खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंद गुप्ता ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा पूनम बिश्नोई जी के मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के को-ऑर्डिनेटर मुकेश एवं पीटीआई महेश का विशेष योगदान रहा। विद्यालय परिवार ने सभी खिलाड़ियों एवं उनके प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।

# ग्रेन चैम्बर स्कूल में हुई सर्वाइकल कैंसर पर जागरूकता गोष्ठी

**मुजफ्फरनगर, 08 सितम्बर (बुस.)।** ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल (सीनियर विंग) में मंगलवार को सर्वाइकल कैंसर पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. शिल्पी जैन गायनोकॉलाजिस्ट (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ), पारस नर्सिंग होम रही। उनके द्वारा बताया गया कि "सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे आम कैंसर है। इस कैंसर का मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस का संक्रमण है। अनियमित रक्तस्राव, दुर्गंधयुक्त स्राव, कमर व पेट में लगातार दर्द और कमजोरी इसके प्रमुख लक्षण हो सकते हैं। इन लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। 14 से 40 वर्ष की आयु में एचपीवी वैक्सीन लगवाना सबसे प्रभावी बचाव है। इसके साथ ही 21 वर्ष की आयु के बाद हर महिला को नियमित रूप से पैप स्मीयर जांच करानी चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आशा जैन (प्रांतीय महिला सहभागिता), पूर्णिमा काम्बोज (जिला महिला सहभागिता) एवं संध्या गुप्ता (प्रांतीय प्रकल्प प्रभारी वनवासी सहायता) उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष मानसी वर्मा ने की व संचालन सचिव श्रीमती अमीषी अग्रवाल के द्वारा किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. एम.के. गुप्ता, प्रधानाचार्य आजादवीर , कोर्डिनेटर आशीष त्यागी ने डॉ. शिल्पी जैन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में लगभग 200 छात्रायें उपस्थित रही, जिनके द्वारा किए प्रश्नों एव शंकाओं का उत्तर भी डॉ. शिल्पी जैन द्वारा दिया गया। संस्कृति सप्ताह चेयरमैन रेनू गोयल एव शिक्षिका रुचि गुप्ता का पूर्ण सहयोग मिला। सभी अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया गया।

# रामलीला मंचन के लिए ध्वज पूजन, धूमधाम से निकली ध्वज यात्रा

**भोपा, 08 सितम्बर (बु.)।** कस्बे में आगामी रामलीला महोत्सव को लेकर धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल बना हुआ है। मंगलवार को भोपा में सदियों पुरानी परंपरा को निभाते हुए रामलीला का ध्वज (झंडा) धूमधाम और गाजे-बाजे के साथ निकाला गया। इस दौरान पूरा क्षेत्र 'जय श्रीराम' और 'जय हनुमान' के जयकारों से गूंज उठा। यह शोभायात्रा गांव की परिक्रमा करते हुए प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। यात्रा में मुख्य आकर्षण कलाकार प्रियांशु रहे, जिन्होंने श्री हनुमान जी का सुंदर स्वरूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। श्रद्धालुओं ने स्थान-स्थान पर स्वरूप की आरती उतारकर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजकों ने बताया कि भोपा में रामलीला मंचन की यह परंपरा सैकड़ों वर्षों पुरानी है, जिसे हर वर्ष ग्रामीण बड़े ही श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाते आ रहे हैं। इस वर्ष 6 अक्टूबर से रामलीला के भव्य मंचन का शुभारंभ किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोरों से चल रही हैं। इस अवसर पर अनिल शर्मा, अमरपाल सैनी, बालीराम, कवर कुमार, मनोज शर्मा, अंकित शर्मा, आर्यन राठी, शुभम शर्मा, सोम शर्मा, अभिषेक सैनी, आशीष सैनी, वंश कुमार और हर्ष कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व रामभक्त उपस्थित रहे। यात्रा के समापन पर सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

# पुलिस में शिकायत करने पर जेठ-देवर ने हमला कर किया गंभीर रुप से घायल

**मोरना , 8 सितंबर (बु.)।** भोपा थाना क्षेत्र के गांव शुक्रतारी में घरेलू विवाद के चलते पुलिस से शिकायत करने पर जेठ, देवर और उनके परिजनों ने इकट्ठा होकर महिला पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया गया है। पुलिस में दी गई पीड़िता की तहरीर में शुक्रतारी निवासी पीड़िता सविता ने बताया कि उसके जेठ, देवर और जेठ का लड़का आए दिन उसके साथ अकारण गाली-गलौज और मारपीट करते रहते हैं। जबरन घर से बाहर निकालने पर आमादा हैं। सोमवार की शाम को आरोपियों ने एक बार फिर गाली-गलौज करते हुए मारपीट का प्रयास किया था, जिससे तंग आकर उसने पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी। इससे बौखलाए आरोपियों ने उस पर चाकू और लोहे की रॉड से सविता पर हमला बोल दिया। मां को बचाने आए बेटे विशाल पर हमला किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# किसानों का पक्ष रखेंगे धर्मेंद्र मलिक

**मुजफ्फरनगर, 8 सितंबर (बु.)।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पंवक्ता धर्मेंद्र मलिक कृषि मंत्रालय द्वारा बीज विधेयक 2025 पर आयोजित परामर्श बैठक में किसानों का पक्ष रखेंगे। देशभर के किसानों के साथ कृषि मंत्रालय में कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान 10 सितंबर को चर्चा करेंगे।भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक को कृषि मंत्रालय द्वारा बीज विधेयक 2025 के मसौदे पर चर्चा हेतु परामर्श बैठक का निमंत्रण प्राप्त हुआ है। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक बीज विधेयक 2025 का स्वागत करती है लेकिन इसमें कुछ बदलाव चाहती है। देश में लगभग 75,000 करोड़ का बीज व्यवसाय बिना किसी मजबूत कानून के चल रहा है। जिसके चलते किसानों को अमानक,महंगे बीज किसानों को मिलते हैं। किसान हित में बीज कानून जरूरी है लेकिन कानून किसानों के लिए हो न कि कंपनी हित में। इसके लिए भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक अपने सुझाव कृषि मंत्री जी को देगी।

**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सबसे छोटा पुत्र हासिम अली, उम्र 31 वर्ष, मेरे कहने-सुनने में नहीं है। वह गलत संगत में चल रहा है। मैंने व मेरे परिवार वालों ने उसको काफी समझाया परन्तु वह नहीं मानता है। उसके कार्यों से तंग व परेशान होकर मैं व मेरा परिवार उससे सम्बंध विच्छेद करता है तथा उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है। यदि भविष्य में वह कोई गैर कानूनी कार्य करता है या किसी से कोई लेन-देन या कोई झगड़ा करता है, तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। उसके द्वारा किये गये कार्यों से मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का कोई मतलब-वास्ता नहीं होगा।

यासीन पुत्र अलमूदीन
निवासी- अलीपुर अटेरना,
थाना- बुढ़ाना, जिला- मुजफ्फरनगर
मो. 7818904746

## आपका आज का राशिफल

**बुधवार, 09 सितम्बर, 2026**

**मेष-** समस्याओं का संतोषजनक समाधान, स्वाध्याय की ओर रुझान, राजनैतिक क्रियाकलापों में संलग्नता, आवागमन में अनुकूलता, बकाए धन की प्राप्ति।

**वृषभ-** आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में निराशा, महत्वपूर्ण उपलब्धि में व्यवधान, मानसिक अशांति, वाहन से चोट-चपेट, दुर्घटना की आशंका, प्रतिष्ठा पर आघात।

**मिथुन-** बुद्धि-चातुर्य से कुछेक मसले हल, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, परोपकार की भावना जागृत, वैमनस्यता का समापन, विवाद समापन की ओर, भौतिक सुख।

**कर्क-** ग्रहयोग बेहतर, दाम्पत्य जीवन में उपस्थित व्यवधान समाप्त, नवसमाचार की प्राप्ति से खुशी, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, यात्रा सफल, कार्यक्षमता में वृद्धि।

**सिंह-** चिरवांछित कार्य बनने से खुशी, व्यक्तित्व का विकास, बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि, सामाजिक कृत्यों में अभिरुचि, जीवन साथी से सहयोग, शांति।

**कन्या-** समय अशुभ, शारीरिक सुख में कमी, साझेदारी के व्यापार में हानि, आरोप प्रत्यारोप की स्थिति, शत्रु प्रभावी होने की दिशा में प्रयासरत, यात्रा में कष्ट।

**तुला-** लाभ का सुयोग, आर्थिक स्थिति में सुधार, पराक्रम में वृद्धि, वैवाहिक अड़चनों का समापन, घरेलू समस्याएं सुलझने की ओर, नवसमाचार की प्राप्ति।

**वृश्चिक-** योजना साकार होने की ओर, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, मनोवांछित सफलता का सुयोग, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, अध्यात्म आस्था।

**धनु-** भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल होने की ओर, उल्लासमय वातावरण, सुख के जरूरी साधन सुलभ, धार्मिक गतिविधियों में रुचि।

**मकर-** व्यवधान से अशांति, व्यवसायिक असफलता, भौतिक सुख के साधन में कमी, स्वाध्याय के प्रति अरुचि, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में, विवाद से अशांति।

**कुम्भ-** कठिनाइयों का निराकरण, सद्विचारों से आत्मिक शांति, उत्तरदायित्व का निर्वाह, अपने स्तर को बनाये रखने में अधिक व्यय, परिवार में मंगलकृत्य सम्पन्न।

**मीन-** चिरवांछित कार्यों में सफलता, दूसरों की सलाह से कामयाबी, प्रभावशाली हस्तियों से अपेक्षित सहयोग, कुछेक मसला सुलझने की ओर, धनागम का सुयोग।

# चरथावल के सिटी हॉस्पिटल में निकला जहरीला सांप

**चरथावल, 08 सितम्बर (बु.)।** चरथावल कस्बे के नहर पटरी स्थित सिटी हॉस्पिटल में मंगलवार को एक जहरीला सांप निकल आया। सांप को देखकर अस्पताल में मौजूद मरीजों और उनके परिजनों के बीच हलचल मच गई। अस्पताल कर्मचारियों ने लोगों को सांप से दूर किया और इसकी जानकारी पशु प्रेमी सन्नी चोपड़ा को दी। सूचना मिलते ही पशु प्रेमी सन्नी चोपड़ा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने काफी कोशिश के बाद सांप को सुरक्षित पकड़ लिया। सांप के पकड़े जाने के बाद अस्पताल में मौजूद लोगों ने राहत महसूस की। सन्नी चोपड़ा ने बताया कि पकड़ा गया सांप काफी जहरीला था। अगर इसे समय रहते नहीं पकड़ा जाता, तो अस्पताल में किसी के लिए भी खतरा हो सकता था। उन्होंने लोगों से अपील की कि घर, अस्पताल या कहीं और सांप दिखने पर उसे पकड़ने या मारने की कोशिश न करें। तुरंत किसी विशेषज्ञ या रेस्क्यू टीम को इसकी सूचना दें। सांप को पकड़ने के बाद सुरक्षित जगह पर जंगल में छोड़ दिया गया। इस घटना के बाद काफी देर तक अस्पताल परिसर में सांप को लेकर चर्चा होती रही।

# विश्वकर्मा पूजा महोत्सव के लिए अनुमति मांगी

**मुजफ्फरनगर, 8 सितंबर (बु.)।** विश्वकर्मा पूजा दिवस महोत्सव 17 सितम्बर के आयोजन के लिए विश्वकर्मा चौक समिति ट्रस्ट ने अनुमति मांगी है। विश्वकर्मा चौक समिति ट्रस्ट पहले गैर पंजीकृत संस्था थी। इसके बाद इसे ट्रस्ट के रूप में पंजीकृत करा कर महामंत्री जगदीष प्रसाद को ट्रस्ट का अध्यक्ष एवं समिति के उपाध्यक्ष मुकेश धीमान को नवगठित ट्रस्ट में महामंत्री नियुक्त कर अधिकृत किया गया है कि विश्वकर्मा चौक समिति ट्रस्टका संविधान (बॉयलाज) तैयार कर ट्रस्ट को पंजीकृत कराया जाए। समिति ने 17 सितम्बर को भगवान विश्वकर्मा की शोभायात्रा तथा उनसे सम्बन्धी किसी भी धार्मिक कार्यक्रम को आयोजित कराने की अनुमति प्रशासन से मांगी है।

# सदर तहसील स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न

**मुजफ्फरनगर, 8 सितंबर (बु.)।** सदर तहसील स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन दीपचंद ग्रेन चैम्बर नई मण्डी में कराया गया। इसमें विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रभान जी द्वारा रिबन काटकर किया गया। प्रतियोगिता की अंडर-19 (बालक वर्ग) में जनता इण्टर कॉलेज पचेंडा विजेता रही, वही अंडर-17(बालक वर्ग) में जनता इण्टर कॉलेज हरसौली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और अंडर-14 (बालक वर्ग) में दीपचंद ग्रेन चैम्बर की टीम चैंपियन रही। प्रतियोगिता को सुचारू रूप से संपन्न कराने में शारीरिक शिक्षक जिला क्रीड़ा सचिव सत्यकाम तोमर, राहुल कुशवाहा, बबीता राणा, सुधीर कुमार, अक्षय कुमार, विपिन कुमार त्यागी, विनीत कुमार, विनुज बालियान, नीरज कुमार, पूनम, वरुण मलिक का सहयोग रहा। प्रतियोगिता समापन के बाद विद्यालय के शारीरिक शिक्षक राहुल राणा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया व चयनित खिलाड़ियों को सूचित किया कि जनपदीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 9 सितंबर को इंटर कॉलेज भोकारहेड़ी में प्रातः 9:00 बजे सम्पन्न कराई जाएगी।

# सभासद की शिकायत पर लिपिक महेश प्रसाद हटाए गए, संदीप अग्रवाल को चरथावल का चार्ज

**चरथावल, 08 सितम्बर (बु.)।** नगर पंचायत चरथावल में तैनात लिपिक महेश प्रसाद को प्रशासनिक आदेश के तहत अतिरिक्त प्रभार से कार्यमुक्त कर दिया गया है। वार्ड नंबर 6 के सभासद पति आलम त्यागी करीब एक महीने पहले हुए विवाद के बाद से ही लगातार उनके खिलाफ मोर्चा खोले हुए थे। आलम त्यागी ने महेश प्रसाद पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए विजिलेंस में दर्ज मुकदमे में उनकी गिरफ्तारी, चरथावल से तत्काल हटाने और उनके कार्यकाल में हुए विकास कार्यों व विभिन्न भुगतानों की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की थी। मामले का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी के अनुमोदन पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) देश दीपक सिंह ने आदेश जारी किया। आदेश के तहत सिसौली नगर पंचायत के लिपिक महेश प्रसाद को चरथावल से हटाते हुए नगर पालिका परिषद खतौली के लिपिक संदीप अग्रवाल को अग्रिम आदेशों तक चरथावल नगर पंचायत का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। महेश प्रसाद को चरथावल से संबंधित सभी अभिलेख तत्काल नए लिपिक को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। संदीप अग्रवाल का वेतन पूर्व की भांति खतौली नगर पालिका से ही आहरित होगा। वहीं, इस कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई के बाद नगर पंचायत के अन्य लापरवाह व भ्रष्ट कर्मचारियों और ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है।

**खोया सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश, की हाईस्कूल की मुख्य परीक्षा वर्ष- 2025 , अनुक्रमांक- 1250468834 का प्रमाण-पत्र - सह - अंक-पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

शिफा पुत्री इस्लाम
मकान नं. 396, महलकी, जानसठ,
मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश

# फर्जीवाड़ा-महिला के नाम पर फर्जी उज्ज्वला कनेक्शन जारी कर, केवाईसी भी कर दी

## - पीड़िता को आज तक नहीं मिला उज्ज्वला योजना का लाभ - पीड़िता के पुत्र द्वारा कनेक्शन का आवेदन करने पर हुआ खुलासा

**मीरापुर, 08 सितम्बर (बु.)।** कस्बे के एक युवक ने मीरापुर की आयुष गैस एजेंसी द्वारा किये गए फर्जीवाड़े का खुलासा करते हुए उसके कर्मचारियों पर उसकी माँ के प्रपत्र लगाकर किसी अन्य को फर्जी तरीके से उज्ज्वला कनेक्शन देने का आरोप लगाते हुए एचपीसीएल में मुख्य कार्यालय में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। कस्बे के मौहल्ला मुश्तर्क निवासी अहमद पुत्र शमशेर ने बताया कि वह वर्तमान में हरियाणा के जगाधरी में रहता है। इस दौरान उसने वहाँ एचपी गैस एजेंसी पर कनेक्शन लेने के लिए आवेदन किया, तो वहाँ तैनात कर्मचारियों ने कम्प्यूटर पर डाटा चेक कर बताया कि उनकी माता के नाम से पहले से ही उज्ज्वला कनेक्शन है। अहमद ने बताया कि उन्होंने 2023 में कनेक्शन के लिए आवेदन किया था, किंतु उन्हें कनेक्शन नही मिला था, जिस पर एजेंसी कर्मचारियों ने बताया कि आपका उज्ज्वला कनेक्शन मीरापुर की आयुष गैस एजेंसी से जारी हुआ है और लगातार उस पर सिलेण्डर दिए जा रहे है और उसकी केवाईसी भी हुई हैं, जिस पर अहमद ने मीरापुर में आयुष गैस एजेंसी पर बात की, तो उन्होंने कहा कि आप अपना सारा सामान आकर ले लो। आरोप है कि जब अहमद ने फर्जी कनेक्शन किसे दिया इसके बारे में जानकारी की, तो आरोप है कि आयुष गैस एजेंसी पर तैनात कर्मचारी कोई जवाब नही दे सके। पीड़ित ने एचपीसीएल के मुख्य कार्यालय में शिकायत कर मामले की जांच कर आयुष गैस एजेंसी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 3281, दिनांक 3/4/2014 में नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्र का नाम दर्ज नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम विधान (VIDHAN) है। पंजीकरण हेतु आवेदन-पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

निवेदक- सरिता रानी
पत्नी सुनील कुमार
171, सदर दाल मण्डी, मेरठ कैंट
मो. 8191959244

# एसडीएम से भूखंड पर अवैध कब्जा रोकने की गुहार

**जानसठ, 08 सितम्बर (बु.)।** तहसील के गांव गांव भूम्मा निवासी रीटा पत्नी टीनू, काजल पत्नी रीनू और सोनम पत्नी रोकी ने एसडीएम रश्मि लांबा को दिए प्रार्थना-पत्र में बताया कि गांव में उनका 75 वर्ग गज का एक पुश्तैनी प्लॉट है। यह प्लॉट उनके स्व. दादा संतराम पुत्र मंगलू के नाम पर पंजीकृत बैनामा है। दादा के निधन के बाद वे तीनों इस संपत्ति की वैध और कानूनी वारिस हैं। पीड़िताओं का आरोप है कि गांव के कुछ लोग उनके इस निजी प्लॉट पर अवैध रूप से रास्ता बनाने और जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि उन लोगों का इस भूखंड से कोई सरोकार नहीं है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम रश्मि लांबा ने पीड़िताओं को निष्पक्ष जांच कराकर उचित कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# महिला ने कृषि भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाया

## - जानसठ में अधिकारियों से पैमाइश कराकर कार्रवाई की मांग की

**जानसठ, 08 सितम्बर (बु.)।** जानसठ के सिकंदरपुर गांव की अफसाना नाम की महिला ने अपनी कृषि भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाया है। उन्होंने अधिकारियों से जमीन की पैमाइश कराकर कब्जा हटाने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने 3 सितंबर 2026 को एक आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। अफसाना ने बताया कि उन्होंने सिकंदरपुर गांव में खाता संख्या 252, खसरा संख्या 329 और रकबा 0.2687 हेक्टेयर कृषि भूमि मई 2017 में बैनामे के जरिए खरीदी थी। उनका आरोप है कि गांव के ही मुजफ्फर अली और हाकम अली पुत्र शरीफ ने उस जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है। महिला का कहना है कि अपनी जमीन पर कब्जा न मिल पाने के कारण उन्हें काफी परेशानी हो रही है। अफसाना के अनुसार, वह जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए पहले भी उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री और जानसठ के उपजिलाधिकारी समेत कई संबंधित अधिकारियों को आवेदन दे चुकी हैं। हालांकि, उनका आरोप है कि अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। महिला ने अधिकारियों से मांग की है कि खाता संख्या 252 और खसरा संख्या 329 की सरकारी रिकॉर्ड के आधार पर पैमाइश कराई जाए और जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाए। साथ ही उन्होंने अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की भी मांग की है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 1547, दिनांक 01/2/2023 में गलती से पुत्री का नाम वाम

1973-2026

सम्पादक की क़लम से

## प्रधानमन्त्री का वडोदरा में कार्यक्रम

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी कल वडोदरा में युवाओं के साथ 25 मिनट रहे। मोदी के कार्यक्रम के लिए 6 हजार युवाओं को बुलाया गया था। यह पहली बार है कि जब इस प्रकार प्रधानमन्त्री के कार्यक्रम में युवा इकट्ठा हुए। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के वडोदरा में 'विकसित भारत के लिए नमो' कार्यक्रम के लिए बुक माय शो पर ताबड़तोड़ रजिस्ट्रेशन हुआ। इसमें युवाओं और जेन-जी को खासतौर से जोड़ा गया।पहली बार किसी प्रधानमन्त्री के शो के लिए बुक माय शो प्लेटफॉर्म के जरिए फ्री डिजिटल रजिस्ट्रेशन खोला गया, मात्र एक घंटे में सभी 6,000 सीटें बुक हो गईं और 42,000 से ज्यादा लोग वेटिंग लिस्ट में रह गए, पूरा सिस्टम क्यूआर कोड बेस्ड रहा। शो का लाइव प्रोडक्शन और ब्रॉडकास्ट फीफा वर्ल्ड कप और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों के लेवल पर हुआ। वहाँ अपने सम्बोधन में प्रधानमन्त्री ने कहा लोग आपको झूठ की गूंज से गुमराह करने की कोशिश करेंगे, लेकिन आपको सच्चाई के साथ खड़े रहना है। मोदी का यह बयान राहुल गांधी और कांग्रेस के छात्रों की गूंज अभियान पर तंज माना जा रहा है। प्रधानमन्त्री के कार्यक्रम के लिए खास तौर पर वाई आकार का रैंप बनाया गया था, भाषण से पहले पीएम रैंप पर चलकर युवाओं के बीच पहुंचे। उनके मंच पर पहुंचते ही क्वीन का मशहूर गाना वी विल रॉक यू बजाया गया। इसके बाद धुरंधर का गाना आरी आरी भी बजा। एक स्टूडेंट ने उन्हें तस्वीर भी गिफ्ट की। प्रधानमन्त्री का यह कार्यक्रम बताता है कि उनका फोकस युवाओं से कनेक्ट होना है। अब हर पार्टी युवाओं से कनेक्ट होना चाहती है। भाजपा हो या कांग्रेस और अन्य पार्टियां भी इंस्टाग्राम और रील्स जैसे शॉर्ट-वीडियो फॉर्मेट के जरिए युवाओं तक पहुंच बढ़ाने पर जोर दे रही हैं। प्रधानमन्त्री मोदी ने जुलाई 2026 में मंत्रियों को युवाओं के लोकप्रिय प्लेटफॉर्म पर ज्यादा सक्रिय रहने की सलाह दी। कांग्रेस, भी छात्रों की गूंज जैसे कार्यक्रमों के जरिए छात्रों और युवाओं से सीधे संवाद पर फोकस कर रही है। पार्टी की कोशिश कैंपस और सोशल मीडिया दोनों माध्यमों से युवा मुद्दों को जोड़ने की है। राहुल गांधी ने इंस्टाग्राम पर आस्क मी एनिथिंडंग शुरू किया, जिसमें छात्रों से सीधे सवाल पूछने और जवाब देने की अपील की। आरएसएस का भी युवाओं तक सीधे पहुंचने के लिए संवाद कार्यक्रमों पर जोर है। अगस्त 2026 में मोहन भागवत ने मुंबई में करीब 2,000 किशोरों से संवाद किया, जिसमें देशभर के 100 से ज्यादा शहरों से युवा शामिल हुए। फ्रेट कॉरिडोर पर नाराज फूफाजी वाला तंज फिर हुआ प्रधानमन्त्री ने कहा कि मुंबई से डबल कंटेनर मालगाड़ी चलने से एक बार में 250 से ज्यादा ट्रकों के बराबर माल मुंबई से वडोदरा पहुंचा। अब नाराज फूफाजी पूछेंगे कि ट्रक वालों का क्या होगा, लेकिन देश के एक कोने से दूसरे कोने तक माल पहुंचाने के लिए ऐसी कनेक्टिविटी जरूरी है। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर 2004 में विचार शुरू हुआ और 2006 में विशेष कंपनी बनाई गई, लेकिन 2014 तक सिर्फ फाइलें एक टेबल से दूसरी टेबल तक जाती रहीं। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद उनकी सरकार ने इस प्रोजेक्ट को गति दी और करीब 2,000 किमी फ्रेट कॉरिडोर का काम पूरा किया। पहले पैसेंजर और मालगाड़ियां एक ही ट्रैक पर चलती थीं, जिससे दोनों की रफ्तार प्रभावित होती थी। अब डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर रोज करीब 430 मालगाड़ियां चल रही हैं। ट्रक से सामान भेजने में करीब 30 घंटे लगते हैं, जबकि फ्रेट कॉरिडोर से करीब 10 घंटे में पहुंच सकता है। पिछले एक दशक में भारत मेट्रो कोच और रेल इंजन बनाने वाला बड़ा निर्माता बना है। पीएम ने कहा कि पहले की सरकार में बजट में एक-दो ट्रेनों की घोषणा होती थी। उसके भी सालभर ढोल पीटे जाते थे। अब एक के बाद एक नयी ट्रेनें चलाई जा रही हैं। अब नयी ट्रेन से वडोदरा, उदयपुर और आलीराजपुर के लोगों को सुविधा होगी। इस साल रेल बजट पौने 3 लाख करोड़ से ज्यादा रहा है। एक बार पोर्ट, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन बन गया तो फिर रोजगार बढ़ना शुरू हो जाता है। प्रधानमन्त्री ने गुजरात के वडोदरा में 35,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी, उद्घाटन किया और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमन्त्री ने राष्ट्र की प्रगति को गति देने के लिए हजारों करोड़ रुपये की अवसंरचना परियोजनाओं को समर्पित करते हुए वडोदरा के नागरिकों की ओर से उनके स्वागत में आयोजित असाधारण स्वच्छता अभियान की सराहना की। उन्होंने विकास के इस उत्सव के दौरान सेवा भाव दिखाने के लिए स्थानीय लोगों को धन्यवाद दिया। पीएम मोदी ने कहा, मैं आप लोगों के बीच आज विकसित भारत की यात्रा को और गति देने आया हूं। प्रधानमन्त्री ने विस्तारित लॉजिस्टिक्स नेटवर्क से कृषि क्षेत्र को होने वाले व्यापक लाभों का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार पूर्वी और पश्चिमी भारत के किसान अब जल्दी खराब होने वाली वस्तुओं को तेजी से बड़े बाजारों तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि मौसमी फूल, सब्जियां और फल जैसी जल्दी खराब होने वाली वस्तुएं अब उपभोक्ताओं और मंडियों तक समय पर पहुंच रही हैं। इससे किसानों को अत्यधिक लाभ हुआ है। प्रधानमन्त्री ने गुजरात, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों तक रेल सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के लिए अपने प्रशासन की ओर से निरंतर शुरू किए गए प्रयासों पर बल दिया। उन्होंने एक नयी ट्रेन शुरू किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की जिससे छोटा उदेपुर और अलीराजपुर जाने वाले यात्रियों को काफी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि रेल अब भारत के उन हिस्सों तक पहुंच रही है, जहां दशकों से नहीं पहुंची थी। प्रधानमन्त्री ने सड़कों, मेट्रो, हवाई अड्डों और गैस पाइपलाइनों सहित बुनियादी ढांचे के विकास के व्यापक आर्थिक प्रभावों का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि मुख्यत: 2.75 लाख करोड़ रुपये से अधिक के ऐतिहासिक रेलवे बजट के कारण लाखों रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि गरीबों के लिए घरों का निर्माण और बंदरगाहों का विस्तार करना आसपास के क्षेत्रों में नए उद्योगों और व्यवसायों को स्वाभाविक रूप से बढ़ावा देता है। प्रधानमन्त्री मोदी ने कहा कि रेलवे के आधुनिकीकरण पर हो रहा खर्च हजारों-हजार नये रोजगार सृजित कर रहा है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'जहालत' 'दुनिया' 'स्याही' 'दलीलें'

जहालत के अंधेरों में, ये दुनिया घिरती जाएगी,
दलीलें अहमकाना हों, कभी भी, हाँ नहीं कहना।
हक़ीकत पर हिमाकत की स्याही क्यों पड़े 'उत्सव',
दलीलें अहमकाना हों, कभी भी, हाँ नहीं कहना।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों-सहायिकाओं का सम्मान, 15 को नियुक्ति-पत्र; 50-50 को प्रशस्ति-पत्र

**मुजफ्फरनगर, 8 सितंबर (बु.)।** अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में आयोजित आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री एवं सहायिका सम्मान समारोह, नवनियुक्त कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरण, साड़ी वितरण तथा सैम-मैम श्रेणी से सामान्य श्रेणी में आए बच्चों के सम्मान कार्यक्रम का मंगलवार को जनपद स्तर पर सीधा प्रसारण किया गया। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र कार्यालय के मानेकशॉ सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों-सहायिकाओं ने एलईडी स्क्रीन के माध्यम से मुख्यमंत्री का संबोधन सुना। मुख्यमंत्री के संबोधन के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि, साड़ी के लिए बढ़ी हुई धनराशि तथा कैशलेस चिकित्सा सुविधा समेत विभिन्न घोषणाओं की जानकारी दी गई। मानदेय बढ़ोतरी की घोषणा से कार्यक्रम में मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं में उत्साह नजर आया। उन्होंने सरकार की घोषणाओं का स्वागत करते हुए बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और विकास के कार्यों को और बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम के दौरान एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री और 14 सहायिकाओं समेत कुल 15 नवनियुक्त आंगनबाड़ी कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इसके अलावा 50 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और 50 सहायिकाओं को उनके बेहतर कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सैम-मैम यानी गंभीर और मध्यम कुपोषण की श्रेणी से सामान्य श्रेणी में आए 25 बच्चों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बच्चों को सम्मानित किए जाने को कुपोषण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की सकारात्मक उपलब्धि के रूप में देखा गया। मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और सहायिकाएं बच्चों के प्रारंभिक विकास, पोषण और शिक्षा की नींव मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कुपोषण से मुक्ति और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार की योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने में आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने सम्मानित कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे इसी समर्पण और लगन के साथ कार्य करते हुए बच्चों के बेहतर भविष्य के निर्माण में अपना योगदान दें। उन्होंने बताया कि जनपद मुजफ्फरनगर में 2200 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और सहायिकाएं कार्यरत हैं। मुख्यमंत्री द्वारा मानदेय में की गई बढ़ोतरी से इन सभी को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि आर्थिक प्रोत्साहन मिलने के बाद आंगनबाड़ी कर्मी और अधिक उत्साह के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत प्रशासक डॉ. वीरपाल निर्वाल, नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, राष्ट्रीय लोकदल जिलाध्यक्ष संजय राठी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन देश दीपक सिंह, जिला प्रोवेशन अधिकारी संजय कुमार, कार्यक्रम अधिकारी सुशील कुमार समेत बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और सहायिकाएं मौजूद रहीं।

# रेड क्रॉस की आम सभा में चुनाव को लेकर हुई चर्चा

## – डीएम ने तहसीलदार सदर को बनाया नोडल अधिकारी

**मुजफ्फरनगर, 08 सितम्बर (बुस.)।** जिला रेड क्रॉस सोसायटी की एक आम सभा विकास भवन के सभागार मे जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसका संचालन रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन डॉ.अशोक अरोरा ने किया। बैठक में जिला पंचायत के प्रशासक डॉ. वीरपाल निर्वाल, मुख्य विकास अधिकारी कमल किशोर कंडारकर, सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया एवं एसीएमओ डॉ. दिव्या वर्मा ने भी प्रतिभाग किया। बैठक में उपस्थित सदस्यों के सम्मुख जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने घोषणा की कि तहसीलदार सदर रेड क्रॉस सोसायटी के चुनाव प्रक्रिया के नोडल अधिकारी होंगे।

उन्होने रेड क्रॉस भवन को आधुनिक बनाए जाने का निर्देश देते हुए कहा कि अगली बैठक रेड क्रॉस भवन में ही आयोजित की जाएगी। जिलाधिकारी ने रेड क्रॉस की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने, फिजियोथैरेपी को सुधारने का निर्देश देते हुए कहा कि राज्य मुख्यालय से आए हुए दिशा-निर्देशों के तहत ही रेड क्रॉस सोसायटी का निर्वाचन कराया जाएगा। बैठक में बोलते हुए डॉ.अशोक अरोरा ने कहा कि उनके पास ऑक्सीजन सिलेण्डर उपलब्ध हैं और राज्य मुख्यालय से उन्हें एक मल्टी पर्पज मोबाईल टेस्टिंग लैब मिलने की स्वीकृति मिल गई है, जो शीघ्र ही जनपद में आ जाएगी। कमैटी की आम सभा में स्कूल/कॉलेजों में मैजिक शो में रेड क्रॉस के नाम के दुरूपयोग पर भी विस्तृत चर्चा हुई। इसके लिए डीआईओएस व बीएसए को निर्देशित किया जाएगा। डॉ. अशोक अरोरा ने कहा कि जनपद के सभी स्कूलों में रेड क्रॉस सोसायटी का गठन किया जाना है। उन्होंने पिछले तीन वर्षो के कार्यकाल में रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा किये गए कार्यो एवं उपलब्धियों की चर्चा करती हुए कहा कि ये सभी कार्यक्रम जन सहयोग व प्रशासनिक अधिकारियों की अध्यक्षता में सम्पादित किए गए, जिनका पूरे जनपद में व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। डॉ. अशोक अरोरा ने तीन वर्ष के आय-व्यय का लेखा जोखा भी प्रस्तुत किया, जिसे सदन ने करतल ध्वनि से पास कर दिया। उन्होंने बताया कि आजीवन सदस्यों की सूची अपडेट की जा रही है और सभी सदस्यों को प्रमाण पत्र व आईडेंटिटी कार्ड उपलब्ध कराये जायेंगे। बैठक में डा.गीतांजलि वर्मा, नीलकमल पुरी, गौहर सिद्दीकी, पुनीत अग्रवाल और व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल मित्तल सहित नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## शाहपुर में 72 घंटे से पुलिस पहरे में सपा के वरिष्ठ सपा नेता डॉ. सत्येन्द्र पाल

**शाहपुर, 08 सितम्बर (बु.)।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय डॉ. सत्येन्द्र पाल पिछले करीब तीन दिन यानी 72 घंटे से नजरबंद हैं। उनके आवास पर हर समय करीब 10 पुलिसकर्मियों के साथ दरोगाओं की तैनाती है। पुलिस पहरे के चलते डॉ. सत्येन्द्र पाल विधानसभा क्षेत्र में लोगों के सुख-दुख में भी शामिल नहीं हो पा रहे हैं। आगामी 15 सितंबर, मंगलवार को फैज गार्डन, काली नदी के पुल के पास प्रस्तावित जनसंवाद एवं दम यात्रा को लेकर दलित समाज के बीच घर-घर पहुंचकर प्रचार-प्रसार किया जाना है, लेकिन पुलिस-प्रशासन द्वारा उन्हें क्षेत्र में कहीं भी जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। 72 घंटे की नजरबंदी और लगातार पुलिस पहरे के बीच प्रस्तावित जनसंवाद कार्यक्रम ने बुढ़ाना विधानसभा की सियासत में गर्मी बढ़ा दी है। डॉ. सत्येन्द्र पाल की नजरबंदी को लेकर कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भी चर्चा तेज है।

## ग्राम प्रधान प्रशासकों को सीडीओ ने दिए निर्देश

**मुजफ्फरनगर , 8 सितंबर (बु.)।** विकास भवन स्थित सभागार में ग्राम प्रधान प्रशासकों की पहली बैठक आयोजित की गई। सीडीओ कंडारकार कमल किशोर देशभूषण द्वारा बुलाई बैठक में काफी संख्या में ग्राम प्रधान प्रशासक मौजूद रहे। सीडीओ कंडारकार कमल किशोर देशभूषण ने ग्राम प्रधानों को कहा कि गांवों में लाइब्रेरी बनवाई जाए, स्कूलों का कायाकल्प कराया जाए भूजल गर्भ के लिए तालाबों का सौन्दर्यकरण कराया जाए,ग्रामों में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में ग्राम प्रधानों ने भी अपने विचार रखे। बैठक में डीपीआरओ रेणु वास्तव, एडीपीआरो धर्मेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# पालिका कर्मियों ने मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

## 14 से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

**मुजफ्फरनगर, 8 सितंबर (बु.)।** नगरपालिका परिषद के स्वायत्त शासन कर्मचारी संगठन ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर मंगलवार को लेकर 14 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है। संगठन के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने टाउनहाल पहुंचकर अधिशासी अधिकारी पवन कुमार से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान कर्मचारियों ने अधिशासी अधिकारी को अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि पालिका प्रशासन उनकी लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है। कर्मचारी संगठन ने चेतावनी दी कि यदि 13 सितंबर तक उनकी सभी मांगों का समाधान नहीं किया गया, तो वे 14 सितंबर से कामकाज का बहिष्कार कर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर देंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी नगरपालिका प्रशासन की होगी। स्वायत्त शासन कर्मचारी संगठन की नगरपालिका इकाई के अध्यक्ष बृजमोहन और महामंत्री विकास शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को कई पदाधिकारी और कर्मचारी टाउनहाल स्थित अधिशासी अधिकारी के दफ्तर में पहुंचकर कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर नाराजगी व्यक्त करते की। अध्यक्ष बृजमोहन का आरोप है कि 7 जुलाई को पत्र दिए जाने के बावजूद पालिका ने समाधान का कोई संतोषजनक कदम नहीं उठाया है। स्वायत्त शासन कर्मचारी संगठन द्वारा अधिशासी अधिकारी पवन कुमार को सौंपे गए ज्ञापन में कर्मचारियों के लंबित वेतन और अन्य देयकों के भुगतान की मांग शामिल की गई है। इसके अलावा सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों के बकाया भुगतान का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने का मुद्दा उठाया गया है। ज्ञापन में संविदा और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के तुरंत समाधान की बात भी कही गई है। साथ ही कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति से संबंधित मामलों का निस्तारण करने और कर्मचारियों के हित से जुड़े अन्य सभी लंबित प्रकरणों पर त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। ईओ पवन कुमार ने बताया कि पुरानी मांगो का समाधान पहले ही किया जा चुका है। आउटसोर्स कर्मचारियों का कोई भी बकाया बाकी नहीं है। नगरपालिका प्रशासन अपने कर्मचारियों के हितों को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है और नियमानुसार सभी समस्याओं का समाधान कर रहा है। नगरपालिका में किसी भी कीमत पर हड़ताल नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ कर्मचारी अनैतिक दबाव बनाने और अपनी मनमानी चलाने के उद्देश्य से हड़ताल का शोर मचा रहे हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में संगठन की नगरपालिका इकाई के अध्यक्ष बृजमोहन, महामंत्री विकास शर्मा के अलावा मोहम्मद सालिम, आकाशदीप, मोहम्मद नदीम, धर्मपाल सिंह और सुनील वर्मा सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## एसपी क्राइम ओर इंस्पेक्टर साइबर क्राइम कर्मवीर सिंह और पूरी टीम का सम्मान किया

**मुजफ्फरनगर, 08 सितम्बर (बुस.)।** एसएसपी संजय वर्मा के नेतृत्व में साइबर क्राइम टीम ने साइबर ठगी में फंसी व्यापारी की धनराशि वापस दिलाई, तो व्यापारियों की आवाज व्यापार मंडल ने एसपी क्राइम ओर इंस्पेक्टर साइबर क्राइम कर्मवीर सिंह ओर पूरी टीम का सम्मान किया। साइबर क्राइम कार्यालय, मुजफ्फरनगर पर व्यापारियों की आवाज व्यापार मंडल (रजि.) मुजफ्फरनगर की ओर से एस.पी. क्राइम इन्दु सिद्धार्थ और इंस्पेक्टर साइबर सेल कर्मवीर सिंह तथा उनकी पूरी टीम को सम्मानित किया गया। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शलभ गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों ने साइबर ठगी का शिकार हुए व्यापारी की धनराशि को त्वरित कार्यवाही से रिकवर कराने पर पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए पटका एवं सम्मान चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। जिलाध्यक्ष शलभ गुप्ता ने कहा कि एसएसपी संजय वर्मा के नेतृत्व में एस.पी. क्राइम इन्दु सिद्धार्थ और साइबर सेल इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह एवं उनकी पूरी टीम ने जिस तत्परता, तकनीकी दक्षता और संवेदनशीलता से कार्य करते हुए व्यापारी की धनराशि को वापस दिलाया, वह काबिले तारीफ है। इससे पीड़ित व्यापारी को न्याय मिला है और व्यापारियों का पुलिस पर भरोसा और मजबूत हुआ है। हम पूरी टीम के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। जिला महामंत्री जनार्दन विश्वकर्मा ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि व्यापार मंडल सदैव व्यापारियों के हित व सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन के सहयोग से कार्य करता रहेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से शलभ गुप्ता, जनार्दन विश्वकर्मा, दीपक मित्तल सर्राफ, राजीव मित्तल सर्राफ, राजेश भाटिया, विजय बाटा, मनोज गुप्ता, जयकुमार अरोड़ा, नीरज कर्णवाल, आयुषी गुप्ता, सोनिया सिंघल, प्रवीण उपाध्याय, आकाश अग्रवाल, अक्षित अग्रवाल, अर्जुन पाल, प्रियांशु सैनी, अरविंद सैनी, गौरव नरूला, गौरव सिंघल, विशाल गोयल, अंकुर जैन, अनिरुद्ध बालियान, अंकुर गुप्ता, वैभव त्यागी, राजेंद्र प्रसाद गर्ग, विपिन गुप्ता, विनीत धीमान, अभिषेक त्यागी,रॉबिन संगल,दर्शन सिंह आदि व्यापारीगण मौजूद रहे।

## एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में एनसीसी भर्ती

**मुजफ्फरनगर, 08 सितम्बर (बुस.)।** एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में एनसीसी कैडेट की भर्ती 82 यूपी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल प्रवीण भाल के निर्देशन में एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. नवेद अख्तर व अंकित धामा के कुशल पर्यवेक्षण में संपन्न हुई। सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक चली इस मैराथन प्रक्रिया में कुल 35 छात्र / छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिनमें 17 छात्र तथा 18 छात्राएं शामिल हुए। महाविद्यालय के बीकॉम, बीएससी (विज्ञान), बीए, बीएससी(गृहविज्ञान) के छात्र / छात्राओं ने इस भर्ती में प्रतिभाग किया। एनसीसी भर्ती में सबसे पहले छात्र / छात्राओं की शारीरिक परीक्षा हुई, जिसमें दौड के साथ-साथ शारीरिक दक्षता परीक्षा की गई इसके पश्चात छात्र / छात्राओं की लिखित परीक्षा हुई। 82 यूपी बटालियन से आए सूबेदार हरजीत सिंह, हवलदार पाल सिंह एवं क्लर्क मयंक ने कड़ी निगरानी और पारदर्शिता के साथ सभी शारीरिक व लिखित परीक्षण पूरे कराए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सचिन गोयल ने अधिक से अधिक विद्यार्थियों से इस सुनहरा अवसर का लाभ उठाने और एनसीसी से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील की। एनसीसी भर्ती को सफल रूप से आयोजित करने में कमर रजा, कृष्ण कुमार, संकेत जैन आदि का सहयोग रहा।

# एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के बीसीए षष्ठम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित

**मुजफ्फरनगर, 08 सितम्बर (बुस.)।** एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में आज बीसीए षष्ठम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल एवं बीसीए विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव तायल द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने बीसीए षष्ठम सेमेस्टर के सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज का युग तकनीक और नवाचार का युग है। कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निरंतर नए अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। बीसीए विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव तायल ने भी विद्यार्थियों को प्रेरक संदेश देते हुए कहा कि उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। घोषित परीक्षा परिणामों में अर्पिता ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बीसीए षष्ठम सेमेस्टर में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। अर्पिता ने अपने भविष्य की योजनाओं के बारे में अलग से अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वह सूचना प्रौद्योगिकी और कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में अपने ज्ञान एवं कौशल को और अधिक विकसित करना चाहती हैं। इसी क्रम में रिमिल ने 89.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बीसीए षष्ठम सेमेस्टर में द्वितीय स्थान हासिल किया। हर्षित शर्मा ने 89.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बीसीए षष्ठम सेमेस्टर में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान तीनों मेधावी विद्यार्थियों अर्पिता, रिमिल एवं हर्षित शर्मा ने अपने-अपने सफलता के अनुभव तथा भविष्य की योजनाएं अलग-अलग साझा कीं। तीनों मेधावी विद्यार्थियों ने अपने सहपाठियों एवं जूनियर विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि सफलता के लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकगणों ने भी सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण चन्दना दीक्षित, हिमांशु शर्मा, रजत शर्मा, हर्षित गोयल, हर्षिता, निरंकार शर्मा, नवनीत चौहान, अंकुर अग्रवाल, अनुज गोयल, राहुल शर्मा, रोबिन मलिक, शेखर, प्रशांत गुप्ता, विनीता चौधरी, अमित, सतीश, शशांक भारद्वाज, लवी वर्मा एवं पवन बालियान उपस्थित रहे।

राजमंदिर बैंक्वेट हॉल
विवाह, रिंग- सेरेमनी, सगाई,
रिसेप्शन, बर्थ-डे व अन्य कार्यक्रम
नोटः- भजन संध्या, तेरहवीं व मीटिंग के लिये सेवा शुल्क रुपये 31,000/- मात्र
पताः- भोपा रोड, मुजफ्फरनगर
सम्पर्क सूत्रः- 9837138610, 8433174678, 9307139968

## दबंगों का कहर, टीबी पीड़ित युवक को घेरकर पीटा, जान से मारने की धमकी

**भोपा, 08 सितम्बर (बु.)।** ककरौली थाना क्षेत्र के ग्राम ढांसरी में दबंगई का मामला सामने आया है, जहां तीन दबंगों ने मां के साथ ग्राम प्रधान के घर से लौट रहे टीबी से पीड़ित युवक को घेरकर उसके साथ जमकर मारपीट की और गांव में दिखाई देने पर परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित घायल युवक के भाई ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने तीनों दबंगों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़ित रविन्द्र कुमार पुत्र राजेन्द्र ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीते गुरुवार को वह अपने परिवार के साथ घर की समस्या को लेकर ग्राम प्रधान के यहां गया था। वहां से उसका बड़ा भाई सुरेन्द्र और मां बाला रात करीब 10 बजे घर लौट रहे थे। जैसे ही वे नरेन्द्र गर्ग के घर के सामने पहुंचे, वहां पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही सागर, जोनी और रोहटा निवासी मयंक ने सुरेन्द्र को चारों तरफ से घेर लिया। आरोप है कि तीनों ने गाली-गलौच करते हुए लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा और अधमरा कर दिया। जाते-जाते धमकी दी कि अगर वह दोबारा गांव में दिखाई दिया तो उसे और उसके परिवार को जान से मार देंगे। पीड़ित ने बताया कि उसका बड़ा भाई पहले से ही टीबी की बीमारी से जूझ रहा है, पिटाई से उसकी हालत और बिगड़ गई है। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू करते हुए सागर, जॉनी और मयंक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## दबंगों पर कोर्ट के स्टे के बाद फसल रौंदने का आरोप

### पीड़ित किसान ने पुलिस चौकी पर दी तहरीर

**बुढ़ाना, 8 सितम्बर (बु.)।** कस्बा बुढ़ाना के मोहल्ला मिर्दगान निवासी एक किसान ने अपनी काश्त की भूमि पर खड़ी सरसों की फसल को दबंगों द्वारा ट्रैक्टर चलाकर जबरन नष्ट करने का आरोप लगाते हुए बुढ़ाना पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। तहसीन पुत्र यामीन निवासी मोहल्ला मिर्दगान बुढ़ाना ने बताया कि उसकी काश्त की भूमि खसरा संख्या 260- 261 रकबा 4 बिस्से, खसरा नंबर 906 रकबा 2 बिस्से व खसरा नंबर 907 रकबा 1 बीघा 2 बिस्से कुल 3 किता रकबा 1 बीघा 08 बिस्से मौजा बुढ़ाना खादर में स्थित है, जिसका वो काबिज काश्तकार है। इस भूमि के बारे में माननीय न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन मुजफ्फरनगर में वाद संख्या 746 सन 2008 यासीन आदि बनाम यूपी सरकार आदि विचाराधीन है, जिसमें माननीय न्यायालय द्वारा यथास्थिति स्टे का आदेश पारित है। इसके ब

## सपा सांसद इकरा हसन के खिलाफ आचार संहिता मुकदमे की कार्रवाई पर हाईकोर्ट की रोक

**प्रयागराज, 8 सितंबर (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कैराना से समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन को बड़ी राहत दी है। शामली के कांधला थाने में लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में दर्ज प्राथमिकी के मामले में हाईकोर्ट ने मुकदमे की पूरी कार्रवाई पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है।

यह प्राथमिकी लोकसभा चुनाव 2024 में आचार संहिता का उल्लंघन कर जनसमूह इकट्ठा कर चुनाव प्रचार प्रसार करने के आरोप में दर्ज की गई थी। ट्रायल कोर्ट ने आरोप पत्र का संज्ञान लेते हुए इकरा हसन के खिलाफ समन आदेश जारी किया था। सांसद इकरा हसन ने समन आदेश सहित मुकदमे की पूरी कार्रवाई को रद्द करने की मांग में हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल की थी। न्यायमूर्ति विक्रम डी चौहान की एकल पीठ ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए मुकदमे की पूरी कार्रवाई पर अगले आदेश तक रोक लगा दी।

## यूपीः अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष बने मोहसिन रजा

**लखनऊ, 8 सितंबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्व मंत्री और भाजपा नेता मोहसिन रजा को राज्य अल्पसंख्यक आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। नई जिम्मेदारी के साथ उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा भी दिया जाएगा। रजा इससे पहले योगी आदित्यनाथ सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ और हज विभाग की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। नई जिम्मेदारी मिलने से कुछ समय पहले ही मोहसिन रजा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। मोहसिन रजा लंबे समय से भाजपा से जुड़े रहे हैं। उन्होंने 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा की सदस्यता ली थी। इसके बाद पार्टी ने उन्हें प्रवक्ता की जिम्मेदारी भी दी। वर्ष 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद उन्हें मंत्री बनाया गया।

## केमिकल फैक्टरी में लगी भीषण आग, ऊंची लपटें और दूर तक धुएं का गुबार

**हापुड़, 8 सितंबर (एजेंसी)।** औद्योगिक क्षेत्र की पुलिस चौकी के समीप मंगलवार सुबह केमिकल से थिनर बनाने वाली फैक्टरी में अचानक भीषण आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। कंपनी से उठती आग की ऊंची लपटें और धुएं के गुबार दूर तक दिखाई दिए। आग की तीव्रता को देखते हुए आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने अग्निशमन विभाग को तत्काल घटना की जानकारी दी। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के लिए अभियान शुरू किया। करीब एक घंटे के भीतर आधा दर्जन दमकल वाहन मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गए। मौके पर पुलिस बल और दमकल कर्मी लगातार स्थिति को नियंत्रित करने में लगे हैं।

## राहुल का विमान पहली बार में लैंड नहीं हो पाया, 25 मिनट बाद दूसरी कोशिश में उतरा

**लखनऊ, 8 सितंबर (एजेंसी)।** लखनऊ एयरपोर्ट पर दिल्ली से आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट AI-1717 मंगलवार दोपहर पहले प्रयास में लैंड नहीं हो पाई। विमान को गो-अराउंड कराना पड़ा। इसी विमान में कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी सवार थे। बताया जा रहा है कि विमान लैंडिंग के बिलकुल करीब था, तभी पायलट को लगा कि विमान सही तरीके से लैंड नहीं कर पा रहा है। ऐसे में उन्होंने लैंडिंग रोक दी और विमान को दोबारा ऊपर ले गए। इससे अचानक यात्रियों को तेज झटका लगा। कुछ देर के लिए यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि पायलट ने फिर से रनवे की तरफ आकर लैंडिंग की। दूसरी कोशिश में विमान सुरक्षित उतर गया। विमान में सवार सभी यात्री और क्रू सुरक्षित बताए जा रहे हैं। राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के दो दिवसीय दौरे पर आए हैं। वह आज रात भुएमऊ गेस्ट हाउस में रुकेंगे। बुधवार को वह दिशा की बैठक में शामिल होंगे।

## महिला से कुंडल लूट प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 8 सितंबर (बु.)।** आपको बता दें कि सोमवार देर रात थाना सिविल लाइन क्षेत्र की साकेत कॉलोनी में पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर बाइक सवार बदमाश महिला के कान से कुंडल लूटकर फरार हो गया था। घटना के बाद महिलाओं के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और बदमाश की तलाश में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। साकेत कॉलोनी निवासी अजमेर सिंह का सदर बाजार में मेडिकल स्टोर है। सोमवार देर रात उनकी पत्नी अपनी बहन शर्मिष्ठा निवासी गांव नन्हेड़ा, थाना भोपा के साथ पैदल घर लौट रही थीं। दोनों महिलाएं साकेत पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर पहुंचीं, तभी पीछे से बाइक पर आए बदमाश ने शर्मिष्ठा के कान से एक कुंडल खींच लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश बाइक लेकर फरार हो गया था। अचानक हुई घटना से दोनों महिलाएं घबरा गईं और उन्होंने शोर मचा दिया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची तथा पीड़िता और उसकी बहन से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने बदमाश की पहचान के लिए घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। थाना प्रभारी इंद्रजीत सिंह ने बताया कि मामले में अज्ञात बदमाश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस जल्द ही घटना का खुलासा करने का प्रयास कर रही है।

# हरियाणवी सिंगर की हत्या : विदेशी संपर्क सामने आए, 15 सोशल मीडिया अकाउंट बंद

**शामली, 8 सितंबर (एजेंसी)।** हरियाणवी गायक अंकित बालियान हत्याकांड की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, गोगी गैंग के कथित नेटवर्क को लेकर नए नाम सामने आ रहे हैं। चिराग और मोंटी के बाद अब पुलिस की जांच में साहू का नाम सामने आया है। पुलिस को आशंका है कि विदेश में बैठकर साहू पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ हरियाणा और पंजाब में गिरोह से जुड़े लोगों को जोड़ने और नेटवर्क को सक्रिय रखने का काम कर रहा है।

पुलिस के अनुसार हत्याकांड से जुड़े लोगों और संदिग्धों की गतिविधियां केवल स्थानीय स्तर तक सीमित नहीं हैं। जांच में कुछ लोगों की लोकेशन कभी कनाडा, कभी अमेरिका और कभी यूरोप में मिलने की जानकारी सामने आई है। इसी कड़ी में अब साहू की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि साहू कौन है, मूल रूप से कहां का रहने वाला है और उसका गिरोह के सदस्यों से किस तरह का संपर्क रहा है। पुलिस साहू के संपर्क में रहने वाले लोगों और उसके संभावित नेटवर्क की भी पड़ताल कर रही है। जांच का फोकस यह पता लगाने पर है कि विदेश में बैठे लोग स्थानीय स्तर पर किन-किन लोगों के संपर्क में थे और क्या अंकित हत्याकांड में उनका कोई सीधा या अप्रत्यक्ष संबंध था। एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि गोगी गैंग के कुछ अन्य सदस्यों के भी विदेश में बैठकर नेटवर्क चलाने की संभावना है। इस दिशा में जानकारी जुटाई जा रही है और गिरोह से जुड़े सभी लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

### सत्यम के नाम से बने 15 सोशल मीडिया अकाउंट बंद

**शामली।** उधर, अंकित हत्याकांड में वांछित एक लाख रुपये के इनामी शार्प शूटर सत्यम के नाम से बनाए गए फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट पर भी पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस के अनुसार सत्यम के नाम से संचालित करीब 15 सोशल मीडिया अकाउंट बंद कराए गए हैं। इनमें से कई अकाउंट भारत में भी ब्लॉक कराए गए हैं। पुलिस के मुताबिक सत्यम के नाम से अलग-अलग फर्जी आईडी बनाकर लगातार पोस्ट और वीडियो प्रसारित किए जा रहे थे। रविवार को भी ऐसे ही एक अकाउंट से धमकी भरा वीडियो अपलोड किया गया था। पुलिस वीडियो की तकनीकी जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इसे किसने और कहां से अपलोड किया।

# कड़क धूप से फिर लौटी उमस भरी गर्मी

**मुजफ्फरनगर, 8 सितंबर (बु.)।** बारिश थमते ही एक बार फिर कड़क धूप ने उमस भरी गर्मी का अहसास करा दिया। इसके चलते आज दिन का तापमान बढ़कर 33.5 डिग्री पर आ गया। तापमान में हालांकि बहुत बढ़ोत्तरी नहीं हुई, लेकिन तेज धूप ने दिन में पसीने निकाल दिए। शाम होते ही थोड़ा राहत महसूस हुई।

पिछले दिनों बारिश ने मौसम में बदलाव का सुखद अहसास कराया था। इसके चलते दिन का तापमान भी गिरकर 26.2 डिग्री पर आ गया था। सोमवार को बादल खामोश हुए तो पारा बढ़कर 33 और आज बढ़कर 33.5 डिग्री तक आ गया। इस तरह तापमान में करीब सात डिग्री का इजाफा हुआ है। ऐसे में बारिश में आ रही मौज आज फिर से पसीना निकालती गर्मी में बदल गई। कड़क धूप के चलते आज फिर से मौसम गर्मा गया। हालांकि शाम को धूप ढलने के बाद मौसम में राहत महसूस हुई। मौसम विभाग की मानें तो मॉनसून भले ही जारी है, लेकिन अभी बादल तो दिखेंगे, लेकिन बारिश के आसार नहीं हैं। आईएमडी ने अगले कुछ दिनों तक दिल्ली व एनसीआर में आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान जताया है। इस दौरान अधिकतम तापमान करीब 34 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, 11 सितंबर से दिल्ली व एनसीआर में हल्की बारिश होने की संभावना है। इस दौरान आमतौर पर बादल छाए रहने का अनुमान है। दिन में गर्मी के साथ रात में थोड़ी राहत रहने की संभावना है।

# मामूली विवाद को लेकर परिवार पर हमला, बुजुर्ग समेत तीन घायल

**मुजफ्फरनगर, 8 सितंबर (बु.)।** छपार क्षेत्र के गांव तेजलहेड़ा में मकान की छत पर पानी आने को लेकर चल रहे विवाद के बीच मंगलवार को खूनी संघर्ष हो गया। घटना में बुजुर्ग समेत परिवार के तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। घटना के घायल अस्पताल में भर्ती नसीम ने बताया कि पिछले कई दिनों से पड़ोसी के मकान की छत से पानी उनके घर की छत पर आ रहा था। पीड़ित के अनुसार पानी में टैंक और लैट्रिन का पानी भी शामिल होने के कारण परिवार को परेशानी हो रही थी। नसीम का कहना है कि समस्या को लेकर परिवार की ओर से स्थानीय पुलिस चौकी में शिकायत की गई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच हस्तक्षेप किया था। पीड़ित के मुताबिक पुलिस के हस्तक्षेप के बाद दूसरे पक्ष ने दो दिन का समय लेकर पानी की समस्या का समाधान करने की बात कही थी। आरोप है कि इसके बाद दूसरे पक्ष के लोग शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाने लगे। इसी विवाद को लेकर मंगलवार को मामला फिर गरमा गया और आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोग उनके घर पहुंच गए। मुमताज पुत्र सादिक अपने साथ छह अन्य युवकों को लेकर उनके घर पहुंचा। पीड़ित के अनुसार घर में घुसने के बाद आरोपियों ने परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में नसीम, उसके पिता युसूफ समेत परिवार के तीन लोग घायल हो गए। उसका आरोप है कि हमलावरों ने उसकी पत्नी और मां के कपड़े फाड़ दिए। इसके अलावा नसीम ने अपनी पत्नी के सोने के सामान को भी ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। नसीम ने पुलिस से पूरे मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## पढ़ते समय डांट से नाराज बालक घर से लापता

**मुजफ्फरनगर, 8 सितंबर (बु.)।** पढ़ाई के समय मामूली डांट से नाराज होकर 11 साल का एक बालक अचानक घर से लापता हो गया। बालक के बिना बताए अचानक कहीं चले जाने के बाद से ही उसके परिजनों में हड़कंप मच गया। थाना भौराकलां क्षेत्र स्थित ग्राम मुंडभर में यह घटना घटी है। मुंडभर की रहने वाली ज्योति पत्नी राकेश ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में पूरी बात बताई है। ज्योति के अनुसार उनकी स्वर्गीय बहन रचना का 11 वर्षीय बेटा मोनू पुत्र बबलू उनके घर पर ही रहकर पढ़ाई कर रहा था। मोनू मूल रूप से थाना मंसूरपुर क्षेत्र के गांव जड़ौदा का निवासी है। घटना वाले दिन 7 सितंबर 2026 को दोपहर करीब 2:15 बजे मोनू घर के भीतर बैठकर पढ़ाई कर रहा था। उसी समय ज्योति के पति राकेश ने किसी बात को लेकर उसे हल्की सी डांट लगा दी। बताया जा रहा है कि राकेश की इस डांट से 11 साल का मोनू काफी नाराज हो गया। डांट से गुस्सा होकर वह दोपहर के समय बिना किसी को कुछ बताए घर से अचानक कहीं बाहर निकल गया। परिवार के लोगों ने उसकी खोजबीन शुरू की लेकिन बालक मोनू का कोई सुराग नहीं मिल सका। बच्चे की मौसी ज्योति अपने परिवार के साथ थाना भौराकलां पहुंचीं और पुलिस को घटना की लिखित शिकायत सौंपी। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

## मुजफ्फरनगर में सड़क हादसा, ई-रिक्शा चालक गंभीर घायल

**मुजफ्फरनगर, 08 सितम्बर (बु.)।** नगर के भगत सिंह रोड पर तेज रफ्तार वैगनआर कार चालक ने ई-रिक्शा चालक देवेंद्र को टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक को गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलते ही नगर कोतवाली क्षेत्र की आबकारी चौकी इंचार्ज शशि कपूर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तत्काल स्थिति को संभालते हुए मामला शांत कराया। पुलिस ने घायल देवेंद्र को तुरंत सरकारी अस्पताल भिजवाया, जहां उसका उपचार कराया जा रहा है।

## तीन बच्चों की मां से मिलने पहुंचा आशिक : 30 घंटे कमरे में रहा बंद, पुलिस को महिलाओं ने दौड़ाया

**कानपुर, 8 सितंबर (एजेंसी)।** साढ़ थाना क्षेत्र के छांजा गांव में 30 घंटे से कमरे में बंधक बने युवक को छुड़ाने पहुंची पुलिस को मोहल्ले की महिलाओं के विरोध का सामना करना पड़ा। पुलिस ने युवक को कमरे से बाहर निकाला और महिला के साथ उसे थाने ले जाने का प्रयास किया तो महिलाओं ने पुलिस की गाड़ी घेर ली। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस को अतिरिक्त बल बुलाना पड़ा। काफी मशक्कत के बाद पुलिस दोनों को सुरक्षित थाने ले जाने में सफल रही। बताया गया कि बिंदकी, फतेहपुर निवासी 25 वर्षीय युवक सोमवार तड़के छांजा गांव में रहने वाली 38 वर्षीय महिला से मिलने पहुंचा था। महिला तीन बच्चों की मां है और उसकी बड़ी बेटी की शादी तय है। परिजनों ने युवक को पकड़ लिया और उसका मोबाइल छीनकर कमरे में बंद कर दिया। करीब 30 घंटे तक युवक के बंधक रहने के बाद महिला मंगलवार को चुपके से साढ़ थाने पहुंची और पुलिस से मदद मांगी। महिला ने पुलिस को बताया कि उसके घरवाले युवक की हत्या करने की फिराक में हैं। महिला की सूचना पर साढ़ पुलिस छांजा गांव पहुंची और कमरे से युवक को बाहर निकलवाया। पुलिस दोनों को अपनी गाड़ी में बैठाकर थाने ले जाने लगी तो मोहल्ले की महिलाएं आक्रोशित हो गईं। उन्होंने पुलिस की गाड़ी को घेर लिया और दोनों को थाने ले जाने का विरोध किया। महिलाओं ने आरोप लगाया कि महिला आए दिन बाहरी युवकों को बुलाती है, जिससे आसपास के माहौल पर गलत असर पड़ रहा है। पुलिस द्वारा दोनों को ले जाने के प्रयास के दौरान महिलाओं ने महिला को गाड़ी से उतारने और उसके साथ मारपीट करने का प्रयास किया। इस दौरान महिला को बचाने पहुंचे दरोगा आशीष सिंह से भी महिलाओं की भिड़ंत हो गई। स्थिति बिगड़ती देख सर्किल के अन्य थानों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। पुलिस ने महिलाओं को समझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद पुलिस युवक और महिला को सुरक्षित साढ़ थाने ले जाने में सफल रही। फिलहाल दोनों पक्ष थाने में मौजूद हैं।

# बरेली हिंसा के आरोपी तौकीर रजा की जमानत अर्जी खारिज

**हाईकोर्ट ने कहा 'सर तन से जुदा' का नारा देश की संप्रभुता को चुनौती,**

**प्रयागराज, 8 सितंबर (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि गुस्ताख-ए-नबी की एक ही सजा, सर तन से जुदा नारा कानून और देश की संप्रभुता-अखंडता को चुनौती देता है। यह नारा लोगों को सशस्त्र विद्रोह के लिए उकसाने वाला है। इसकी तुलना नारा-ए-तकबीर, अल्लाहु अकबर, जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल, जय श्री राम या हर-हर महादेव जैसे धार्मिक नारों से नहीं की जा सकती।

इस टिप्पणी संग न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव ने बरेली में 26 सितंबर 2025 को हुए दंगे के मामले में आरोपी मौलाना तौकीर रजा खान व डॉ.नफीस को जमानत देने से इन्कार कर दिया है। हालांकि, अन्य आरोपियों की जमानत अर्जी स्वीकार कर ली। बरेली हिंसा मामले में कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। आरोप था कि तौकीर रजा ने इस्लामिया इंटर कॉलेज के मैदान पर लोगों को इकट्ठा होने और मुस्लिम समुदाय पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए उकसाया था। रोक के बावजूद 200 से 250 लोग पहुंचे थे। पुलिस ने भीड़ को रोकने का प्रयास किया तो सर तन से जुदा के नारे लगाते हुए पथराव कर दिया था। पेट्रोल बम और फायरिंग की गई थी। इस दौरान कई पुलिसकर्मी घायल हुए थे। सार्वजनिक संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया गया था। मामले में तौकीर रजा को मुख्य आरोपी बनाया गया था। इस पर उन्होंने हाईकोर्ट में जमानत के लिए अर्जी दायर की। वह 27 सितंबर 2025 से जेल में हैं। याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि वह निर्दोष हैं। उन्हें राजनीतिक दुर्भावना से मामले में फंसाया गया है। उन्होंने हिंसा के लिए कोई अपील नहीं की और न ही वह घटना के समय मौके पर मौजूद थे। 26 सितंबर को घर में नजरबंद कर दिया गया था। राज्य की ओर से अपर महाधिवक्ता अनूप त्रिवेदी ने दलील दी कि आरोपी ने 19 सितंबर 2025 की बैठक में लोगों से इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान पर नमाज के बाद पहुंचने की अपील की थी। घटना के बाद आरोपी ने सह-आरोपी के घर से वीडियो के माध्यम से बड़ी संख्या में पहुंचने वाले लोगों को धन्यवाद दिया और उनके कृत्यों की सराहना की। कोर्ट ने पाया कि आरोपी ने शुक्रवार की नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों को इस्लामिया इंटर कॉलेज के मैदान में एकत्र होने का आह्वान किया था। इसके लिए प्रशासन की अनुमति नहीं ली गई थी।

# किसी भी वर्दीधारी को ठेके से शराब की बिक्री नहीं की जाएगी

**मुजफ्फरनगर, 8 सितंबर (बु.)।** शराब ठेकों पर खाकी वर्दी धारी को शराब बेचने पर पाबंदी लगा दी गई है। आबकारी विभाग ने एक व्यापक चेकिंग अभियान शुरू किया है। विक्रेताओं को हिदायत दी गई कि वे 21 वर्ष से कम उम्र के किसी भी व्यक्ति को शराब न बेचें। अधिकारियों ने यह भी साफ कर दिया है कि किसी भी वर्दीधारी व्यक्ति को शराब की बिक्री नहीं की जाएगी। अभियान में आबकारी निरीक्षकों की टीमों ने अलग-अलग इलाकों में जाकर देशी और अंग्रेजी शराब की दुकानों की जांच की। इस दौरान अधिकारियों ने शराब बेचने की व्यवस्था, उपलब्ध स्टॉक, तय की गई दरें, दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति और शराब की बोतलों पर लगे क्यूआर कोड की गहराई से जांच की। विक्रेताओं को शासन के नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान आबकारी विभाग के अधिकारियों ने दुकानों पर रखी पीओएस मशीनों की विशेष रूप से जांच की। कोई अनियमितता नहीं मिली। आबकारी विभाग की टीम ने रामराज क्षेत्र में अवैध शराब और नशीले पदार्थों की तलाश की गई, हालांकि इस कार्रवाई के दौरान कोई भी अवैध मादक पदार्थ नहीं मिला।

# बरेली में बाइक समेत तीन युवक नदी में बहे

**बरेली, 8 सितंबर (एजेंसी)।** बरेली में आंवला-अतरछेड़ी मार्ग के बीच डरुआपुर गांव के पास अरिल नदी पर बना रपटा पुल पार करने के दौरान बाइक अनियंत्रित हो गई। इस पर सवार तीन लोग बाइक समेत नदी की तेज धार में बह गए। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर पहले थाना पुलिस और फिर रात में डीएम व एसएसपी मौके पर पहुंचे। तीनों की तलाश में कई टीमें लगी रही, लेकिन इनके नाम पते की भी कोई जानकारी फिलहाल नहीं मिल पाई। डरुआपुर निवासी सौरभ शर्मा और भीमपुर ग्राम पंचायत के प्रशासक श्रीपाल लोधी ने बताया कि सोमवार शाम साढ़े पांच बजे बाइक सवार तीन युवक रपटा पुल पार कर रहे थे। बरसात में अरिल नदी का जलस्तर और बहाव बढ़ा हुआ है। नदी का पानी पुल के करीब डेढ़ फुट ऊंचा बह रहा है। ग्रामीणों ने तीनों को रोकने का काफी प्रयास किया और पुल पर तीन सवारी न जाने की चेतावनी दी। बावजूद वे नहीं माने और बढ़ते चले गए। पुल पर बाइक अनियंत्रित हो गई। तीनों को संभलने का मौका नहीं मिला। तीनों पानी में बहते हुए दूर चले गए। इनमें से एक युवक ने तैरकर बचने का प्रयास किया लेकिन वह काम नहीं आया। पास मौजूद ग्रामीण ने इस घटना का वीडियो भी बनाया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची बिशारतगंज और आंवला थाने की पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। कुछ देर बाद डीएम अविनाश सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य, एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा और एसडीएम सुशील मिश्रा ने पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन के बारे में जानकारी ली। डीएम और एसएसपी ने प्रत्यक्षदर्शियों से घटना के बारे में बात की। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि तीनों युवक बीस से तीस साल उम्र के होंगे। वह काफी देर से पुल के आसपास दिखाई दे रहे थे। एक बार लोगों ने उन्हें पेड़ के नीचे बैठे देखा। शायद वह कोई नशा कर रहे थे। जब ये लोग बाइक पर बैठकर पुल की ओर जाने लगे तो ग्रामीणों ने उन्हें रोकने की काफी कोशिश की, बावजूद उन्होंने कुछ नहीं सुना।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 12 हजार और सहायिकाओं को छह हजार मिलेगा मानदेय

**अयोध्या, 8 सितंबर (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को संबोधित करते हुए उनका मानदेय बढ़ाने का एलान किया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अब तक आठ हजार रुपये मानदेय मिलता था जिसे बढ़ाकर 12 हजार किया जाएगा। वहीं, सहायिकाओं को चार हजार की जगह छह हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्हें पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर की सुविधा भी दी जाएगी। इसके साथ ही अतिरिक्त साड़ी के लिए भी राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या के राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पहले आंगनबाड़ी केंद्र वीरान पड़े रहते थे और केंद्र से भेजा गया पैसा सपा सरकार के लोग डकार जाते थे। हमने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और उनके काम को बीते नौ साल में व्यवस्थित रूप दिया। सीएम योगी ने कहा कि सपा के लोगों ने अयोध्या के विकास का विरोध किया। यहां न बिजली थी न ही सड़कें। पर अब अयोध्या सोलर सिटी बन गई है। अयोध्या में अब विकास हो रहा है। पहले दो तीन घंटे ही बिजली आती थी अब अयोध्या रोशन हो गई है। उन्होंने कहा कि जैसे बीते नौ साल में अयोध्या के हालात बदले वैसे ही आंगनबाड़ी कार्यकताओं के हालात में सुधार हुआ। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सपा-कांग्रेस ने राम मंदिर का विरोध किया। अयोध्या में विकास का विरोध किया लेकिन अयोध्या फिर भी विकसित हुई क्योंकि विकास करने के लिए इच्छाशक्ति चाहिए। अब अयोध्या में देश दुनिया के लोग आकर दर्शन कर रहे हैं।

## सहारनपुर मस्जिद ध्वस्तीकरण : मस्जिद प्रबंधन बना रहा अधिवक्ताओं का पैनल, दो दिन में डालेंगे हाईकोर्ट में रिट

**सहारनपुर, 8 सितंबर (एजेंसी)।** कलक्ट्रेट मस्जिद प्रकरण में आगे की रणनीति को लेकर मस्जिद कमेटी ने विचार विमर्श किया। हाईकोर्ट में रिट दाखिल करने के मामले में प्रबंधन पक्ष हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं का पैनल तैयार किया जा रहा है। आगामी एक-दो दिन में रिट दाखिल कर दी जाएगी। मस्जिद प्रबंधन कमेटी के अधिवक्ता बाबर वसीम ने बताया कि कलक्ट्रेट मस्जिद मामले को लेकर हाईकोर्ट में अपनी बात को मजबूती से रखा जाएगा। साथ ही अतिरिक्त साक्ष्यों को भी अदालत के समक्ष रखने की तैयारी है। जल्दी ही रिट दाखिल की जाएगी। इसके लिए कमेटी प्रबंधन प्रयागराज हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं का पैनल तैयार कर रहा है। इसके साथ ही तमाम कानूनी पहलुओं पर भी विचार किया जा रहा है। बता दें, कि कलक्ट्रेट परिसर स्थित मस्जिद के खिलाफ पीपी एक्ट में 24 मार्च 2025 को सिटी मजिस्ट्रेट की अदालत में वाद दायर किया गया था। इसके बाद 16 जुलाई 2026 को फैसला मस्जिद पक्ष के खिलाफ आया। मस्जिद प्रबंधन पक्ष ने जिला जज की अदालत में अपील दाखिल की थी, जिसे अदालत ने दो सितंबर को खारिज कर दिया था। इसके बाद पांच सितंबर को प्रशासन की ओर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अमल में लाई गई। इतनी कम अवधि में ध्वस्तीकरण पर मस्जिद प्रबंधन पक्ष के साथ विपक्षी दल सवाल उठा रहे हैं।

# एक ही सूट दो महिलाओं को आया पसंद, मंगल बाजार में हंगामा, जमकर हुई मारपीट

**पीलीभीत, 8 सितंबर (एजेंसी)।** पीलीभीत के मंगल बाजार में सोमवार दोपहर कपड़े की दुकान पर एक ही सूट पसंद आने को लेकर दो महिलाओं के बीच विवाद हो गया। कहासुनी के बाद दोनों में मारपीट शुरू हो गई। बाजार में काफी देर तक हंगामा होता रहा। इस दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। किसी ने घटना का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शहर की एक कॉलोनी निवासी महिला और गजरौला थाना क्षेत्र से आई दूसरी महिला दोपहर करीब 12 बजे कोतवाली क्षेत्र में लगने वाली मंगल बाजार में खरीदारी करने पहुंची थीं। दोनों एक कपड़े की दुकान पर गईं, जहां उन्हें एक ही सूट पसंद आ गया। सूट लेने को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों सड़क पर एक-दूसरे से मारपीट करने लगीं। हंगामा देख बाजार में मौजूद लोगों ने दोनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन विवाद शांत नहीं हुआ। इसके बाद किसी ने डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस दोनों महिलाओं को थाने ले आई। यहां भी दोनों महिलाएं सूट को अपना बताते हुए विवाद करती रहीं। बाद में पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। परिजनों को भी थाने बुलाया गया। समझौते के बाद दोनों महिलाओं को घर भेज दिया गया। सीओ सिटी अमरनाथ वर्मा ने बताया कि कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची थी। महिलाओं को समझा-बुझाकर घर भेज दिया गया।

# मस्जिद ध्वस्तीकरण मामला : मुख्यमंत्री योगी पर अभद्र टिप्पणी, यूट्यूबर गिरफ्तार

**सहारनपुर, 8 सितंबर (एजेंसी)।** सहारनपुर कलक्ट्रेट परिसर स्थित मस्जिद के ध्वस्तीकरण के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर कथित अभद्र टिप्पणी करने के मामले में यूट्यूबर और सामाजिक कार्यकर्ता हुदा जरीवाला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनका शांतिभंग में चालान कर जेल भेज दिया। इसके साथ ही पोस्टर लगाने और माहौल बिगाड़ने के प्रयास के आरोप में अलग-अलग स्थानों से कई संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। अधिवक्ता दुष्यंत सिंह की ओर से में दी गई तहरीर के मुताबिक हुदा जरीवाला सोमवार को सर्किट हाउस पहुंची थीं। बताया गया कि सपा प्रतिनिधिमंडल के साथ जाने को लेकर उनकी पुलिसकर्मियों से कहासुनी हुई। महिला पुलिसकर्मियों ने उन्हें वहां से हटाने का प्रयास किया, लेकिन वह वहां से नहीं हटीं। इसके बाद सोशल मीडिया पर उनका एक वीडियो सामने आया। जिसके बाद कुतबुशेर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार वायरल वीडियो में हुदा जरीवाला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सहारनपुर के जिलाधिकारी को लेकर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करती नजर आ रही हैं। वीडियो में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मस्जिद के ध्वस्तीकरण को लेकर भी बयानबाजी की गई है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस सक्रिय हुई और कोतवाली सदर बाजार पुलिस ने हुदा जरीवाला को हिरासत में ले लिया। बाद में शांतिभंग में उनका चालान क